नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 275 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 13 अगस्त 2022



तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा, कहा हमारी.... पेज -3 पर

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल 15 अगस्त को रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में करेंगे ध्वजारोहण पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

### अंबेडकर अस्पताल में दवाओं का स्टॉक खत्म

## सर्दी-खांसी, शुगर व गैस की सामान्य दवा नहीं, बेंडेज-सूचर तक खत्म, सीजीएमएससी ने अप्रैल से सप्लाई कर दी बंद

**रायपुर।** अंबेडकर अस्पताल में पिछले 4 महीने से दिल और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की कई जरूरी दवाओं का स्टॉक खत्म हो चुका है। सर्दी-जुकाम, शुगर और गैस जैसी बीमारियों की बेहद कॉमन दवाएं तक चार महीने सरकारी सप्लाई में नहीं है। ऑपरेशन के बाद लगाया जाने वाला विशेष तरह का सूचर और बेंडेज भी नहीं है। लगभग हर मरीज के लिए जरूरी स्लाइन तक नहीं है। जब जिस मरीज को जरूरत पड़ रही है, अस्पताल प्रशासन लोकल पर्चेस के जरिये उपलब्ध करवा रहा है।




इसमें कई बार देरी होती है और मरीज के रिश्तेदारों को खरीदना पड़ता है। पिछले चार महीने में अस्पताल प्रशासन 1.50 करोड़ से ज्यादा की दवा व सिरप खरीदकर मरीजों को उपलब्ध करवा चुका है। ये सुविधा भी केवल उन मरीजों को मिल रही है जो गरीबी रेखा के दायरे में आते हैं या जिनके पास मजदूर कार्ड होता है।

बाकी मरीजों के रिश्तेदारों को बाजार से खरीदकर लाना पड़ रहा है। भास्कर की पड़ताल में पता चला है कि अस्पताल प्रशासन को हर महीने लगभग 35 लाख की दवाएं लोकल पर्चेस के माध्यम ये खरीदनी पड़ रही है। लोकल पर्चेस में दवाएं कुछ महंगी मिलती है, साथ ही टेस्टिंग भी पूरी तरह से नहीं हो पाती। सरकारी दवा कंपनी सीजीएमएससी किसी भी कंपनी से दवाएं खरीदने के बाद लैब में उसकी टेस्टिंग करवाती है।

### एंटी बायोटिक तक नहीं

अस्पताल में हार्ट और कैंसर के मरीजों को क्रिटिकल स्थिति में लगाए जाने वाले जीवन रक्षक एंटी बायोटिक इंजेक्शन तक नहीं है। यहां तक कि पीआईसीयू में भर्ती गंभीर बच्चों के लिए जरूरी इंजेक्शन तक स्टॉक से गायब है। अस्पताल प्रबंधन को इमरजेंसी में एंटीबायोटिक इंजेक्शन और जरूरी टेबलेट तक खरीदना पड़ रहा है।

### हर वार्ड से आती है मांग

सीजीएमएससी से सप्लाई बंद होने के बाद से अस्पताल प्रशासन ने हर विभाग के एचओडी से जरूरी दवाओं की सूची मंगवानी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हर हफ्ते दवा का बड़ा स्टॉक लोकल पर्चेस किया जाता है।

### अस्पताल में दवा सप्लाई का ये है सिस्टम

सरकार ने अच्छी तरह से टेस्टिंग के बाद अस्पतालों में दवा सप्लाई करने दवा कंपनी बनायी है। ये दवा कंपनी अंबेडकर अस्पताल सहित राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों व जिला व सिविल अस्पतालों से दवाओं के इंडेन मंगवाती है। सालभर की जरूरत के हिसाब से दवाओं की सूची और उसकी मात्रा हर अस्पताल से दी जाती है। दवा कंपनी बजट में पैसे मिलने के बाद अस्पतालों से मिली सूची के हिसाब से खरीदी के आर्डर देती है। कंपनी ही पूरा स्टॉक मंगवाने के बाद हर दवा की टेस्टिंग करवाती है।

## तिरंगा हमारी आन-बान-शान है - कवासी लखमा

**रायपुर।** भारत की आजादी के 75वें वर्ष को पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान की भी शुरुआत की गई है। इस मौके पर हर जगह अनेक आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 223वीं वाहिनी की ओर से दोरनापाल से लेकर सुकमा तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में राज्य के उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा शामिल हुए और तिरंगा लहराया। इस दौरान मंत्री श्री लखमा ने देश की स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ पर सभी को अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता के लिए हमारी ताकत है और यह हमारी आन-बान-शान है। मंत्री श्री लखमा ने सुरक्षा जवानों का हौसला बढ़ाया। तिरंगा रैली के दौरान दोरनापाल से सुकमा के बीच अनेक स्थानों पर स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे रैली का स्वागत पूरे जोश से किया। इस रैली में सुकमा जिला कलेक्टर श्री हरीश एस., पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, कमांडेट श्री रघुवंश कुमार समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



### हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा

### दोरनापाल से सुकमा तक निकाली गई तिरंगा रैली

### एक नजर

### बृजमोहन, अजय की अगुआई मे भाजपाई करेंगे पदयात्रा

#### सत्याग्रह की धरती गौरव ग्राम कंडेल मे बापू और बाबू को देंगे श्रद्धांजलि

**धमतरी ।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर देश भर मे अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दे रहा। हर कोई अपने अपने तरीके से इस महोत्सव की तैयारी मे जुटा है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे लेकर अनेक कार्यक्रम बनाये हैं। हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर 13 अगस्त को धमतरी मे अनेक कार्यक्रम करेंगे। श्री अग्रवाल, श्री चंद्राकर, रंजना साहू सहित जिले के प्रमुख भाजपा नेता 13 अगस्त शाम 4 बजे गंगरेल मे नौका विहार कर झील के मध्य जाकर तिरंगा फहराएंगे।

## बीएसपी कर्मचारी को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत,सड़क पार करते समय हुआ हादसा

**भिलाई।** भिलाई के आकाश गंगा सुपेला क्षेत्र में सड़क पार करते समय एक बीएसपी कर्मी ट्रक की चपेट में आ गया। सुपेला पुलिस ने उसे गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि उन्हें शुक्रवार सुबह 10.15 बजे सूचना मिली थी सुपेला चौक के पास सड़क दुर्घटना हुई है। वहां तुरंत एक टीम को भेजा गया। मौके पर जाकर पता चला कि रुआबांधा सेक्टर भिलाई 3 निवासी अजय पचपुर पिता रामभाऊ पचपुर (52 साल) अपने व्यक्तिगत कार्य से सुपेला गया हुआ था। वह पैदल सड़क पार कर रहा था। इभी दौरान 16 चक्का ट्रक सीजी 07 सीएच 8124 ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अजय दूर जा गिरा। उसके सिर में गहरी चोट आने से वह वहीं बेहोश हो गया था।




पुलिस ने तुरंत लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुपेला पुलिस के मुताबिक मृतक बीएसपी कर्मी है। शव का पंचनामा कार्रवाई करके उसे पीएम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## हाथों में तिरंगा थामे बीएसएफ जवानों को देख साथ चलने लगे बच्चे, फोर्स ने इन्हें भी दिया झंडा

रायपुर। रायपुर में BSF ने वॉकेथान का आयोजन किया। इस दौरान नवा रायपुर में BSF के जवान हाथों में तिरंगा लिए पैदल सड़क पर निकले। इन्हें साथ-साथ कुछ स्थानीय बच्चे भी चलने लगे। इन बच्चों को भी फोर्स के जवानों ने झंडा दिया।

फोर्स के प्रति सम्मान का भाव और देश की आजादी के अमृत महोत्सव की खुमारी इन बच्चों में देख जवान भी खुश नजर आए।

इस वॉकेथॉन का आयोजन सीमा सुरक्षा बल कमांड मुख्यालय की तरफ से किया गया था। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ये पैदल यात्रा निकाली गई। नवा रायपुर में सेक्टर 30 और सेक्टर 27 ये जवान निकले। BSF के बि.के. मेहता ने इस वॉकेथॉन को फ्लैग ऑफ किया। वॉकेथॉन में BSF के 200 जवानों ने भाग लिया। इसका समापन सेक्टर 27 के मिनी मार्केट के पास किया गया। यह वॉकेथन देश की आजादी के 75वे वर्षगांठ पर आयोजित थी। जवानों ने नवा रायपुर के आम लोगों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि वो भी अपने घरों में तिरंगा फहराएं। BSF प्रदेश के नक्सल इलाकों में पदस्थ है। जवान दूरदराज के इलाकों में दौरा करके स्थानीय आदिवासियों, छात्रों और आम लोगों के बीच जाकर इस तरह के कार्यक्रम कर रहे हैं।





### दंतेवाड़ा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

## 5 लाख रुपये के इनामी हार्डकोर माओवादी को DRG की टीम ने मार गिराया

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में शुक्रवार की शाम पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों के जमावड़े की सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था। कटेकल्याण थाना क्षेत्र के एटेपाल क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। जवानों ने एनकाउंटर में एक 5 लाख रुपये के इनामी हार्डकोर नक्सली को मार गिराया है। उक्त नक्सली पर दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न थानों में 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जवान अभी घटना स्थल पर मौजूद हैं। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि दंतेवाड़ा पुलिस को सूचना मिली थी कि कटेकल्याण थाना क्षेत्र के एटेपाल जंगल में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी है। सूचना के आधार पर ऑपरेशन लांच किया गया।



### रायपुर में मां-बेटे की ठग जोड़ी

## टैक्सी ड्राइवर को दिखाए अमीर बनने के सपने,उसी के क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग की,होटल का बिल दिया और भाग गए

रायपुर। रायपुर में पुलिस ने एक ऐसी ठग जोड़ी के खिलाफ केस दर्ज किया जिसने एक टैक्सी ड्राइवर को लूट लिया। हाईफाई लाइफ स्टाइल पसंद करने वाली इस ठग जोड़ी ने रायपुर के एक महंगे होटल में कमरा भी ले रखा था।



शहर में कैब बुककर इधर-उधर घूमा, शॉपिंग की और फरार हो गए। अब पुलिस इस ठग जोड़ी को ढूंढ रही है। इसमें एक तो 30-35 साल के आस-पास की उम्र का युवक है दूसरी 50 साल की बुजुर्ग महिला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अपना नाम अभिजीत बताकर रायपुर के ट्राइटन होटल में एक शख्स ठहरा हुआ था। उसके साथ 50 साल की अधेड़ महिला भी थी जिसे वह अपनी मां बता रहा था। 4 अगस्त को अभिजीत ने एक कैब बुक की और इसी के साथ उसकी ठगी का खेल शुरू हो गया। ओला के लिए गाड़ी चलाने का काम करने वाला रायपुर का डी रामाराव अभिजीत के जाल में फंसा। वह अभिजीत को रिसीव करने होटल पहुंचा। अभिजीत बुजुर्ग महिला को अपनी मां बताते हुए कार में बैठा। उसने कहा कि हमें किसी पॉश इलाके में ले चलो हमें एक मकान की डील करनी है। रामाराव उन्हें कचना, शंकर नगर, तेलीबांधा, वीआईपी रोड इलाके में घुमाता रहा। कुछ देर बाद ये सभी आनंदम सिटी नाम के रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट में पहुंचे। बिल्डर्स से मिलने की बात कहकर अभिजीत गाड़ी से उतरा कुछ देर बाद आकर कह दिया कि डील हो गई। रामाराव से दिन भर बातें करके वो उसके साथ घुलमिल गया। अभिजीत ने दावा किया कि वो एक बड़ा बिजनेसमैन है अब रायपुर में अपने बिजनेस का विस्तार करने जा रहा है। अभिजीत ने कहा कि डी रामाराव को भी अपने साथ कारोबार में शामिल करके अमीर बना देगा।

## आधा अधूरा पेसा कानून आदिवासियों के लिए अहितकारी-हुपेंडी

**रायपुर ।** हाल ही में प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार ने पेसा कानून लागू कर विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेश की बहुजन आदिवासी जनता के साथ आधा अधूरा एवं गलत पेसा कानून लागू कर उनका सबसे बड़ा अहित किया है उक्त आरोप प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने लगाया। पत्रकारवार्ता में प्रदेश संगठन सचिव आकांक्षा सिंह ने बताया कि ग्राम सभा के सचिव को सलाहकार बनाना गलत है। कलेक्टर को मुख्य अधिकारी जिले का बनाकर कानून के क्षेत्र में मनमानी करने का अधिकार प्रशासन के पास इस लागू कानून से आया है जो मूल अवधारणा के खिलाफ है।

### कांफ्रेंसिंग ... वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से परिचर्चा में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## वनवासियों ने ही जंगल को बचाया, वे ही वनों के रक्षकः मुख्यमंत्री

रायपुर। वनवासियों ने ही जंगल को बचाया, वे ही वनों के रक्षक: मुख्यमंत्री श्री बघेलवर्ल्ड इकोनामिक फोरम द्वारा विश्व स्तर पर वन ट्रिलियन ट्री योजना पर काम किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत वर्ल्ड इकोनामिक फोरम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को और कैसे बेहतर बनाया जा रहा है इस संबंध में वन ट्रिलियन ट्री कार्यक्रम की प्रमुख निकोल सेवाड के साथ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से परिचर्चा में शामिल हुए। इस परिचर्चा में भारत में वन ट्रिलियन ट्री कार्यक्रम की संचालक सुश्री रित्विका भट्टाचार्य और सुश्री भैरवी जानी ने कार्यक्रम के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी।



परिचर्चा में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की तरफ से वन ट्रिलियन ट्री की प्रमुख सुश्री निकोल सेवाड ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ट्री कवर और फारेस्ट कवर को बढ़ाने के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तारीफ की। सुश्री निकोल सेवाड ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल को अर्थव्यवस्था से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा सकता है।




परिचर्चा में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में साइंटिफिक तरीके से वनों के संरक्षण और भूजल स्त्रोत को रीचार्ज करने का काम किया जा रहा है जिससे छत्तीसगढ़ के नाले 10 से लेकर 30 सेंटीमीटर तक रीचार्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपजों के क्षेत्र में बेहतर काम किया जा रहा है, यदि इनके लिए लघु उद्योगों की स्थापना की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बहुत फायदा होगा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी लोग जागरूक होंगे।

परिचर्चा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जंगलों को वन वासियों ने ही बचाया है और वे वनों के रक्षक हैं। छत्तीसगढ़ में 42 फीसदी क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है और राज्य में 31 फीसदी आबादी आदिवासियों की है जो प्रमुख रूप से वनों पर निर्भर हैं।

### रायपुर में तालाब के बीचों-बीच तिरंगा

## पूर्व मंत्री बृजमोहन तिरंगा लेकर पहुंचे बूढ़ातालाब, बोट में बैठकर बोले-भारत माता की जय

**रायपुर।** रायपुर में पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार किया। रायपुर के सबसे बड़े और पुराने बूढ़ातालाब में बीचों-बीच तिरंगा हाथों में लिए बृजमोहन समेत भाजपा नेताओं ने भारत मां का जयकारा लगाया। शुक्रवार की दोपहर बृजमोहन ने शहर के कई हिस्सों में जाकर हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार किया। बूढ़ातालाब में भाजपा नेता बोट पर सवार हो गए। तालाब का चक्कर लगाते हुए सभी भाजपा नेताओं ने लोगों से घरों में तिरंगा लगाने की अपील की। इसके बाद तेलीबांधा, महाराजबंध तालाब जैसे आसपास के इलाकों में भी भाजपा नेता पहुंचे। टिकरापारा, संतोषी नगर इलाके की सड़कों की डिवाइडर पर भी तिरंगा झंडा बांधा गया और माहौल तिरंगा मय दिखा। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरा देश स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर इस पावन पर्व पर राष्ट्रप्रेम व राष्ट्र स्वाभिमान की भावना का अनुभव कर सकें इसके लिए प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी जी ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की।



# सत्ता से बाहर होते ही घिरे इमरान, क्या कोई नया विकल्प तलाशेगी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ

अक्सर हमें सोशल मीडिया की तीखी आलोचना सुनने को मिलती है और यह कि कैसे यह समाज में कई बुराइयों के लिए जिम्मेदार है। लेकिन हमेशा से मेरा मानना है कि आधुनिक तकनीक में कुछ भी न तो सौ फीसदी सही होता है और न ही सौ फीसदी गलत। यह सब उपयोगकर्ताओं और भेजे जा रहे संदेशों पर निर्भर है। अगर सोशल मीडिया न होता, तो लापता भारतीय नागरिक हमीदा बानो नहीं मिलतीं, जो अब अपने घर लौटने का इंतजार कर रही हैं।

वह 20 साल से गायब थीं, लेकिन अब सोशल मीडिया ही उनके सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। यह एक लंबी कहानी है कि कैसे हमीदा बानो पाकिस्तान पहुंचीं, लेकिन जब एक व्यक्ति ने उनका वीडियो ऑनलाइन अपलोड किया, तो पाकिस्तान सरकार और इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग उनकी मदद करने के लिए आगे आया और अब उन्हें भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इससे पहले, जब एक अन्य मामले में एक बुजुर्ग भारतीय महिला विभाजन के दौरान छोड़े गए अपना घर देखने के लिए रावलपिंडी आना चाहती थीं, तो सोशल मीडिया ने ही उनकी पाकिस्तान यात्रा को साकार किया। हालांकि पाकिस्तान और भारत, दोनों मुल्कों की नौकरशाही लालफीताशाही की गिरफ्त में है, लेकिन यह राजनेताओं तक पहुंच और लोगों का दबाव है, जिसने कई मामलों में मदद की है। याद कीजिए, जब 92 वर्षीय रीना वर्मा सोशल मीडिया के जरिये अपने दोनों तरफ के दोस्तों की मदद से रावलपिंडी आना चाहती थीं, तो पाकिस्तान की राज्यमंत्री हिना रब्बानी ने संज्ञान लिया और ट्वीट किया कि वह रीना वर्मा के लिए वीजा सुनिश्चित करेंगी। उनके सपने आखिरकार सच साबित हुए। इस बीच, इस्लामाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से संबंधित एक नया राजनीतिक ड्रामा सामने आया है। कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ (पीटीआई) इमरान खान को छोड़कर कोई नया विकल्प तलाशेगी और क्या उन्हें पीटीआई के प्रमुख पद से हटा दिया जाएगा? आज इमरान खान अपने राजनीतिक करियर में सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं, क्योंकि चुनाव आयोग ने उन पर



इस्लामाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से संबंधित एक नया राजनीतिक ड्रामा सामने आया है। कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। आज इमरान अपने राजनीतिक करियर में सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं, क्योंकि चुनाव आयोग ने उन पर विदेशी फंडिंग नियंत्रक कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

विदेशी फंडिंग नियंत्रक कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

यह निर्णय चुनाव आयोग के तीनों सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया। मूल रूप से चुनाव आयोग इमरान खान पर पीटीआई की फंडिंग के स्रोतों की गलत घोषणा करने का आरोप लगाया है, जहां भारतीय और विदेशी व्यापारिक समूहों सहित विदेशी नागरिकों ने पीटीआई के लिए धन भेजा था। एक राजनीतिक विश्लेषक का कहना है, कानून तोड़ना और संविधान का उल्लंघन करना निश्चित रूप से इमरान खान के लिए कोई बड़ी बात नहीं है।

दिलचस्प बात यह है कि इमरान खान के खिलाफ विदेशी फंडिंग का मामला आठ साल से लंबित था। इस पूरे समय और विशेष रूप से जब वह प्रधानमंत्री थे, इमरान खान ने देरी करने की रणनीति का इस्तेमाल किया और मामले को धीमा करने की पूरी कोशिश की। पद से हटने और यह जानने के बाद, कि इस मामले का फैसला आने वाला है, पूर्व प्रधानमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग की थी। इसमें कोई रहस्य नहीं कि सैन्य प्रतिष्ठान ने भी, जो तब इमरान खान के समर्थन में था, मामले को लटकाने में मदद की।

अब जब खान और सैन्य प्रतिष्ठान के बीच तनातनी है, जिसकी मदद से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तो अचानक चुनाव आयोग का फैसला भी आ गया। पूर्व संपादक और एंकर मुहम्मद मलिक शायद इसे अच्छी तरह से समझाते हैं कि %पाकिस्तान में अधिकांश घटनाओं को पूर्व-निर्धारित माना जाता है, अनुकूल फैसले के लिए राजनीतिक पर्दे पर युद्धरत पक्षों द्वारा अंपायर की मंजूरी पाने का खेल खेला जाता है।

हालांकि वह बताते हैं कि अंपायर या प्रतिष्ठान क्रूरतापूर्वक अपने पसंदीदा चुन रहे हैं, कैनवास में हेराफेरी कर रहे हैं और पसंद के व्यक्ति को विजेता बना रहे हैं। लेकिन जैसा कि क्रम परिवर्तन के सभी मामलों में होता है, ऐसे बदलाव की अवधि छोटी होती है और आंतरिक क्षरण के विस्तार लेने में अधिक समय नहीं लगता है। चूंकि ऐसी व्यवस्थाएं कार्यकाल पूरा नहीं करतीं, इसलिए लोगों ने इमरान खान की सरकार को गिरते हुए भी देखा। शाहबाज शरीफ सरकार और इमरान खान की पीटीआई, दोनों ने अब अदालतों का दरवाजा खटखटाया है। यह कानूनी लड़ाई लंबी चलेगी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तुरंत आम चुनाव कराए जाने के कोई संकेत नहीं हैं। क्या देश में चुनाव से पहले अदालतों के फैसले आ जाएंगे? अब पीटीआई को प्रतिबंधित करने की चर्चा भी हो रही है, लेकिन बेहतर समझ से काम लेना चाहिए। पाकिस्तान के इतिहास से पता चलता है कि किसी भी राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगाना कभी कारगर नहीं रहा। अतीत में असैन्य नेताओं और जनरलों, दोनों ने राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाया, लेकिन उनके प्रयास विफल रहे हैं।

मरिआना बाबर

## संपादकीय

### नीतीश के नाम पर कांग्रेस तैयार है

कांग्रेस पार्टी नीतीश कुमार को अगले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का चेहरा बनाने को तैयार है। जानकार सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार को भाजपा से अलग होने और राजद, कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाने के बाद चीजें तेजी से बदल रही हैं। नीतीश कुमार ने सोनिया और राहुल गांधी से बात की है और बताया जा रहा है कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियां नीतीश कुमार को यूपीए का संयोजक या अध्यक्ष बनाने को तैयार हैं। ध्यान रहे यूपीए में संयोजक का कोई पद नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ही यूपीए की अध्यक्ष हैं। पिछले दिनों शरद पवार को अध्यक्ष बनाने की बात चली थी लेकिन उम्र और सेहत दोनों आधार पर उन्होंने मना कर दिया था। ध्यान रहे पिछली बार यानी 2015 में भी जब नीतीश कुमार ने कांग्रेस और राजद के साथ तालमेल किया था तब उनको 2019 के चुनाव के लिए विपक्ष का चेहरा माना जा रहा था। लेकिन 2017 में वे वापस एनडीए में लौट गए थे। अब फिर उन्होंने यूपीए में वापसी की है तो एक बार फिर उनको चेहरा बनाए जाने की चर्चा चल पड़ी है। कहा जा रहा है कि के चंद्रशेखर राव से लेकर एमके स्टालिन और एचडी देवगौड़ा तक किसी को उनको नाम पर आपत्ति नहीं है। वामपंथी पार्टियां भी उनकी सरकार का समर्थन कर रही हैं और उनको भी नीतीश के नाम पर ऐतराज नहीं है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल आपत्ति कर सकते हैं लेकिन विपक्षी नेताओं को भरोसा है कि उनको मना लिया जाएगा। नीतीश ओबीसी समाज से आते हैं और उनके ऊपर परिवारवाद के आरोप नहीं हैं, भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं और भाजपा के साथ रहने के बावजूद उन्होंने सांप्रदायिक विद्वेष बढ़ाने वाली राजनीति भी नहीं की है।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग है आज के समय में एडिशनल इनकम का बेस्ट तरीका

*आज के समय में आरामदायक लाइफस्टाइल के लिए बहुत जरूरी है कि आपके पास अडिशनल इनकम के कई सोर्स हो, जिससे आप बहुत ही आसानी से अतिरिक्त धन कमा सकें। अगर आपके पास कई ऐसे सोर्स होंगे, जिससे आप अडिशनल इनकम कर सकें, तभी आपकी लाइफ में फाइनेंशियल स्टेबिलिटी आ सकती है। आप ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए बहुत ही आसानी से एक्स्ट्रा पैसे कमा सकते हैं, जो आपके लिए एक बेहतरीन फाइनेंशियल बैकअप का काम करता है।*

आज के समय में इंसान अपनी जरूरतों के साथ-साथ अपने सपनों को भी पूरा करके सुख और शांति से जीना चाहता है, लेकिन ये सिर्फ आपकी सैलरी से ही पूरी नहीं हो सकता है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि आपके पास अडिशनल इनकम के भी सोर्स हों, तभी आप अपने सपनों को जरूरतों के अलावा पूरा करने में कामयाब हो पाएंगे। अडिशनल इनकम का सोर्स होना आज के समय में किसी फार्च्यून से कम नहीं है। बढ़ती महंगाई में सिर्फ सैलरी से काम नहीं होने वाला। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि आपके पास अडिशनल इनकम का अच्छा सोर्स हो, ताकि आप अपने भविष्य को आरामदायक और बेहतर बना सके। आपके पास तभी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी भी आएगी। तो चलिए जानते हैं कि आज के समय में अडिशनल इनकम के बेहतर सोर्स कौन-कौन से हैं?



ट्रेडिंग किसी भी सामान या सेवाओं खरीदने औकोर बेचने की प्रि या है। इसके साथ ही किसी विशेष प्रॉपर्टीज की कीमत पर पूर्वानुमान लगाने के लिए उसके ग्राफ का विश्लेषण करना भी ट्रेडिंग का एक हिस्सा है।

'सेविंग अकाउंट' या 'फिक्स्ड डिपॉजिट'- आप बैंक के 'सेविंग अकाउंट' या 'फिक्स्ड डिपॉजिट' के जरिए निवेश कर सकते हैं। इसे कम समय के लिए अच्छा निवेश माना जाता है, जिससे आपको कम समय में ही मूलधन के साथ ब्याज भी मिल जाता है। इस प्रकार के निवेश में आपको बैंक के द्वारा 100त्न सुरक्षा दी जाती है।

रियल एस्टेट में कर सकते हैं निवेश- बाजार में आज निवेश के कई विकल्प मौजूद हैं, लेकिन रियल एस्टेट यानी प्रॉपर्टी में निवेश करना लोगों की पहली पसंद है। ज्यादातर लोग घर और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट में अंतर नहीं कर पाते हैं। उन्हें लगता है कि दोनों प्रॉपर्टी एक ही है, मगर दोनों की जरूरतें और प्राथमिकताएं अलग- अलग होती हैं। इसलिए प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले कई चीजों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

गोल्ड में कर सकते हैं निवेश- भारत में गोल्ड को एक अहम हिस्सा माना जाता है। भारतीय महिलाएं सोने के आभूषणों को काफी पसंद करती हैं। गोल्ड में निवेश करने वालों के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स और गोल्ड ईटीएफ जैसे माध्यम भी हैं, जो अतिरिक्त आय और सुरक्षित धन के रूप में काम आता है। साथ ही, लोग अब फिजिकल गोल्ड के अलावा लिक्विड गोल्ड में भी निवेश कर रहे हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग भी है निवेश का बेस्ट तरीका ट्रेडिंग किसी भी सामान या सेवाओं खरीदने और बेचने की प्रक्रिया है। इसके साथ ही किसी विशेष प्रॉपर्टीज की कीमत पर पूर्वानुमान लगाने के लिए उसके ग्राफ का विश्लेषण करना भी ट्रेडिंग का एक हिस्सा है। यह मुख्य रूप से अडिशनल सैलरी और लाभ कमाने की आशा से की जाती है, लेकिन क्या आपकी कंपनी अच्छा करेगी।?शेयर के दाम ऊपर जाएंगे और क्या आपको फायदा होगा? ट्रेंडिंग के दौरान इन सभी बातों को ध्यान में रखना भी बहुत जरूरी है। अगर समझदारी और सतर्कता से निवेश न किया जाए तो आपको नुकसान भी हो सकता है। अगर आप भी ऑनलाइन ट्रेडिंग करने की सोच रहे हैं या अडिशनल कमाई का जरिया ढूंढ रहे हैं तो इसके बारे में पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी है।

कुमार संभव

## मिला जुला

# सरपंच की हत्या कोशिश, तीन आरोपी पुलिस के गिरफ्त में एक फरार

## हमलावरों ने योजना बनाकर दिया घटना को अंजाम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कनेकेरा सरपंच पर चाकू से प्राणघातक हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले का एक अन्य आरोपी अब भी फरार है। आरोपियों में से एक का सरपंच से पुराना विवाद था।



जिसका बदला लेने वह तीन अन्य लोगों को लेकर उसे जान से मारने की नीयत से वहां पहुंचा था। पुलिस के अनुसार ग्राम कनेकेरा के सरपंच नीलकंठ साहू ने पुलिस को बताया कि बीते 7 अगस्त की दोपहर करीब तीन बजे महादेव घाट के पास कुछ युवक मिलकर उसके साथ मारपीट कर चाकू से वार कर भाग गए। पुलिस ने धारा 307, 34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। सिटी कोतवाली व साइबर सेल की टीम को जांच के दौरान मुखबिर से पता चला कि घटना के समय चन्दू ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, नेमीचंद ध्रुव व एक नाबालिग घटना स्थल महादेव घाट के पास देखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदेही फि गेश्वर थाना क्षेत्र के खैरझिटी निवासी राजकुमार ध्रुव ;20, नेमीचंद ध्रुव ;19, व नाबालिग को गांव में पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि घटना के दिन तीनों मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 सीआर 9315 में करीब 12 बजे घटारानी जाने के लिए निकले थे। फिंगेश्वर शराब भट्टी के पास कोसमखुटा निवासी चंदू ध्रुव से भेंट हुई। सभी ने वहां शराब पी, नशा हुआ तब चंदू ने बताया कि ग्राम कनेकेरा का सरपंच नीलकंठ साहू से पुराना विवाद चल रहा है। आज उसे जान से मारुंगा कहकर पास रखा चाकू दिखाया और तीनों को उसे सहयोग करने के लिए कहा। वहीं पास पड़े एक लोहे की रॉड को रख लिया। बाद चारों मोटर साइकिल में बैठकर कनेकेरा महादेव घाट के आगे जमुना होटल के पास मोटर साइकिल खड़ी कर बैठे थे। कुछ समय बाद एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आया जिसे चंदू ने बताया कि यही सरपंच है। तब चंदू ने सरपंच के पास जाकर तुम मुझे गाली दिए थे कहकर विवाद करने लगा और चाकू निकालकर सरपंच पर तीन बार वार किया। सरपंच ने चाकू हाथ से पकड़ लिया तब नेमीचंद ने पीछे से जाकर लोहे की रॉड से सरपंच के पीठ में मारा और राजकुमार ध्रुव मोटर साइकिल के पास खड़ा होकर नजर रख रहा था। उसी समय होटल वाली बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगी तो वे लोग वहां से भाग गए। पुलिस ने राजकुमार ध्रुव व नेमीचंद ध्रुव को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 01 नग मोटर साइकिल, चाकू, लोहे का रॉड जब्त किया है। आरोपी चंदू ध्रुव अभी फरार है। उक्त कार्रवाई में नंद, प्रधान आरक्षक मिनेश ध्रुव, आरक्षक रवि यादव, अजय जांगडे, शुभम पाण्डेय, चम्पलेश ठाकुर, विकास चंद्राकर, अभिषेक राजपूत, कामता आवड़े, छत्रपाल सिन्हा, सौरभ तोमर, संतोष सांवरा शामिल रहे।

# नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

## डिप्टी कलेक्टर वर्मा ने दिलाई शपथ, संसदीय सचिव चंद्राकर और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि भी रहे मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर की मौजूदगी में नगर पालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग को डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर कौमी एकता की मिशाल कायम करते हुए हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समाज के धर्मगुरुओं ने नपाध्यक्ष अध्यक्ष महिलांग लोकहित में प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए दुआ और प्रार्थनाएं की। नगर पालिका के अध्यक्ष सभाकक्ष में शुक्रवार को नव निर्वाचित अध्यक्ष राशि महिलांग ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर की मौजूदगी में डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा बड़े पद के साथ ही बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। और इस रास्ते पर चलते हुए नगर



का सर्वांगीण विकास करना है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा इस दौर के पार्षदों को बेहतर काम करने का मौका मिला है, और निश्चित ही शहर विकास को एक नया आयाम तक पहुंचने में सभी सफ ल होंगे। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा शहर के नागरिकों की विश्वास पर सभी पार्षद खरे उतरेंगे, और अधिक विकास कार्यों पर ध्यान दिया जाएगा। शपथग्रहण में शामिल हुए सभी पार्षद, कांग्रेस पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने नपाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान पार्षद पवन पटेल, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, महेन्द्र जैन, हफ िज कुरैशी, निखिलकांत साहू, डमरूधर मांझी, राजेंद्र चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, मुन्ना देवार, बबलू हरपाल, मंगेश टांकसाले, मीना वर्मा, उर्मिला साहू, माधवी सिक्का, शोभना यादव, हेमलता यादव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, एल्डरमैन गुरमीत सिंह चावला, अरविंद प्रहरे, आशीष शुक्ला, ईश्वर सिन्हा, गोलू मदनकार, महेन्द्र सिका, लता कैलाश चंद्राकर, सती चंद्राकर, एरिश अनवर, सगनजोत सिंह, मनोज कुमार, सीएमओ आशीष तिवारी सहित पालिका कर्मचारी गण मौजूद थे।

### चोरी का लोहे छड़ ले जाते 01 आरोपी एवं 01 अपचारी बालक पकड़ाए

**कोरबा** । अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। उसी तारतम्य में 10 अगस्त 2022 के दरम्यानी रात्रि गस्त के दौरान कुम्हार पारा के पास 02 लड़के सड़क निर्माण के लिए रखे गए लोहे का सरिया और अन्य सामान को सायकल में लोड कर ले जाते हुए मिले जिनसे पूछताछ कर कागजात मांगने पर पेश नही कर सके। चोरी का सामान होने के पूर्ण संभावना पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 41-1-4, जाफौ 379 भादवि के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी अनिल पटेल उर्फ पप्पू पिता राधेश्याम पटेल उम्र 25 वर्ष साकिन दारुभट्ठी के पास पाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया व अपचारी बालक को पृथक से बाल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पाली तेजकुमार यादव, सउनि डी आर ठाकुर, आरक्षक 180 अनिल कुर्रे, 58 पुष्पेंद्र साहू, सैनिक 50 कृष्णा डिकसेना का विशेष योगदान रहा।

# कोरिया जिले में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े करेंगे ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के तैयारियों की कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कोरिया जिले में तैयारियां की जा रही है। जिला स्तरीय समारोह रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड स्थित मिनी स्टेडियम, बैकुंठपुर में आयोजित की जायेगी। जहां पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन स्थल में की जा रही तैयारियों का जिले के



कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने आज अवलोकन किया तथा तैयारी में संलग्न संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

### संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े होंगे मुख्य अतिथि

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन में उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े राष्ट्रीय ध्वज फहरायेगें और परेड की सलामी लेगें।



# पुत्र और पिता की करतूत, झूठ बोलकर रचाई

## ससुर की मोटर सायकल तक को बेच डाला * चार सौ बीसी में बाप-बेटा दोनों गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पड़ोसी राज्य उड़ीसा की सीमा से सटे जिले के फुलझर क्षेत्र में सरायपाली और बसना को लेकर एक आम कहावत प्रचलित है। सरायपाली बसना, देख ताक और सोच समझकर फंसना। वजह है। जिले के सीमावर्ती फूलझर क्षेत्र में धोखाधड़ी और ठगी की घटनाएं आए दिन प्रकाश में आती रहती है। इस बार भी ऐसी कहानी प्रकाश में आई है जो किए टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल मे दिखाए जाने वाले सुनियोजित अपराध को मात देता प्रतीत होता है। खुद को सहकारी बैंक अभनपुर में अकाउंटेंट ऑफिसर होने का हवाला देकर ग्राम जोगीडिपा सरायपाली निवासी भारत साव पिता घांसीराम ने बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बंसुला निवासी उत्तर कुमार साव की पुत्री योगिता उर्फ लायबानी के साथ शादी रचा ली। बाद उसने नौकरी से बर्खास्त हो जाने की झूठी कहानी गढ़ ली। बात यहीं तक खत्म नहीं हुई। भारत साव ने अगला दांव खेलते हुएए पुलिस विभाग में डी एस पी के पद पर चयन हो जाने का झांसा देकर ससुरालियों से 11 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया। पूरे मामले में मुख्य आरोपी भारत साव के साथ उसका पिता घांसीराम साव भी शामिल रहा। आरोपी भारत की पत्नी योगिता को जब सच्चाई की जानकारी हुई तो उसने भारत से पैसे वापस लौटाने की मांग की जिस पर भारत ने पत्नी योगिता को 2 माह के मासूम बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। परिवार में चर्चा के पश्चात योगिता ने बसना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई जिसके आधार पर आरोपी द्वय भारत साव और घासी राम साव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिर एक नई कहानी गढ़कर धोखाधड़ी युवती को बताया गया कि वर्ष 2016-17 में उसके द्वारा उसके पीएससी की परीक्षा दिया गया था। जिसमें वह पास हो गया है। जिसमे उसे डीएसपी,पुलिस के पद पर चयन कर लिया गया है और उसे ज्वाइनिंग के लिए 15,00,000 पंद्रह लाख रूपये, रूपये उच्च अधिकारियों को देना है। ऐसा कहकर उसने मुझे और मेरे पिता एवं भाईयों को यह विश्वास में ले लिया कि वास्तविक में उसकी डीएसपी की पद पर नियुक्ति हो गई है। अगर उसे राशि हम उधार के रूप में दे देते हैंए वह हमारा दामाद है तो उसकी बेटी का भविष्य उज्जवल हो जाएगा कहकर मेरे पिता को अपनी कृषि भूमि जो ग्राम बंसुला में है उसे ग्राम बंसुला के शोभाराम साव के पास गिरवी रखकर दो लाख रूपये एवं ग्राम बंसुला के विद्याधर साव के पास 1 एकड़ जमीन गिरवी रखकर 3 लाख रूपये अपने घर में रखे हुए नकद 3 लाख रूपये को उसके एक्सिस बैंक सरायपाली के खाते में तथा अपने द्वारा दिए गए दहेज की मोटर सायकल को ग्राम बसना निवासी राकेश गुप्ता के पास 50,000 रूपये में गिरवी रखकर तथा मेरा पी एफ राशि जो हुन्डई शो रूम मे मेरा जमा था उसे भी मेरे विवाह होने के पूर्व आवश्यकता है बोलकर मुझसे निकलवाकर ले गया तथा मेरे अन्य परिचितों जिनसे मेरा कार्य करने के दौरान पूर्व से लेनदेन था उनसे भी अपने अकाउंट में राशि मंगाकर पुलिस विभाग में डीएसपी पद पर चयन हो जाने के संबंध में पूर्ण विश्वास दिलाने के लिए अपना फर्जी नियुक्ति पर जिसमें उसे 65,500 रूपये के पद पर 35 वर्षों के लिए नियुक्त किया गया है जिसमें उसने महासमुंद कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद का फर्जी कूटरचित हस्ताक्षर एवं सील मुहर लगा हुआ फोटो एवं कूटरचित डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस का अपना लगा हुआ फोटो एवं भारत सरकार का कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का फर्जी आई डी कार्ड भेजकर हमको यह पूर्ण विश्वास में ले लिया कि वास्तविक में उसकी नियुक्ति उक्त पद पर हो गई है। उक्त विश्वास मे मेरे पिता एवं भाई द्वारा अपनी सम्पूर्ण जिन्दगी की आय से खरीदी हुई भूमि को ब्याज मे गिरवी रखकर नौकरी लग जाने के पश्चात उक्त रकम को वे वापस कर देगें, अपने दहेज में दिए गए सोना चांदी को भी आरोपियों को सौंप दी।

### ऐसे रची फरेब की एक नई कहानी

भारत ने पीड़िता से कहा कि उसके परिवार वाले उसे नौकरी करने नहीं दे रहे हैं। वह नौकरी करना चाहता है। उसे ट्रेनिंग के पश्चात गरियाबंद में नियुक्ति मिल गई है। जिसमें वह गरियाबंद ड्यूटी करने जा रहा है। कहकर युवती के परिवार वालों को स्वयं को घर को बिना जानकारी दिए उसके घर से रायपुर ले जाने के लिए निवेदन किया। उसे मेरे पिता की कार सेलेरियो को देकर उसे गरियाबंद भेज दिए। गरियाबंद जाने के पश्चात दो दिन तक उसका फोन बंद रहा। दो दिन बाद मेरे द्वारा थाना गरियाबंद मे अपने अन्य मित्रों से नंबर प्राप्त कर फोन कर यह पता किया कि भारत वहां ड्यूटी कर रहा है क्या तब मुझे पहली बार जानकारी मिली की वहां पर किसी प्रकार की कोई नौकरी नहीं करता है। उसके पश्चात भी भारत ने फोन में युवती के पिता को गरियाबंद में पुलिस मुठभेठ की झूठी कहानी बताई। अपनी नियुक्ति की झूठी कहानी सुना रहा था। जिसे युवती ने अपने फोन में टेप कर लिया। दो दिन पश्चात भारत सेलिरियो कार को लेकर मेरे पिता के कहने पर वापस आया। तब वह बसना के बायपास रोड मे बिना शर्ट पहने गाड़ी सहित पूरा भीगी हुई अवस्था में पहुंचकर फोन इस बाबत किया कि कुछ लोगो द्वारा उसे मारपीट कर पानी मे डूबो दिया गया था। उससे नियुक्ति में रिजाइन करा दिया गया हैए कहकर झूठी जानकारी दी। तब युवती और उसके परिवार को यह विश्वास हो गया कि धोखाधड़ी कर विवाह कर लिया गया है तथा उसे झूठा नियुक्ति पत्र दिखाकर 10,60,000 रूपये दस लाख साठ हजार रूपये ठग लिया गया है। युवती के पिता द्वारा एक होण्डा साइन मोटर सायकल ब्ळ06ळफ8537 जो भारत को चलाने के लिए दिया गया थाए उसे भी वह बेच दिया है। इसकी जानकारी होने पर उनको दी गई 10,60,000 रूपये दस लाख साठ हजार रूपये, वापस मागने पर मुझे एवं मेरे पूरे परिवार को दहेज के रूप में 5,00,000;पांच लाख रूपये और मांग किया गया। जिसे मेरे एवं मेरे परिवार द्वारा मना किए जाने पर मुझे मेरे बच्चे समेत घर से निकाल दिया ।

### पहले भी कर चुका हैं धोखाधड़ी

युवती ने रिपोर्ट में बताया है कि मेरे द्वारा उसके संबंध में पतासाजी किए जाने पर मुझे यह जानकारी हुई कि भारत का पूर्व में भी एक लड़की से रिश्ता तय कर इस प्रकार की ठगी कर चुका है। वह अपने कई रिश्तेदारो को धोखाधड़ी कर चुका है। मामले में मुझे जानकारी होने के बाद मेरे साथ धोखाधड़ी कर मेरा जीवन बर्बाद कर दिए जाने के कारण आत्महत्या कर लेने का विचार आया। तब न्याय की लड़ाई में कदम बढ़ाई। धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, उसे झूठी जानकारी देकर विवाह करने, उसके दहेज में दिए हुए सामान को दुर्विनियोग किए जाने का मामला दर्ज करने एवं वैधानिक कार्यवाही किए जाने पुलिस में 10 अगस्त को एफ आईआर दर्ज कराई है। मामले की जानकारी मिलते ही अपराध नियंत्रण के प्रति संवेदनशील युवा पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बसना थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित किया। इस पर आरोपित पिता-पुत्र को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### दर्दनाक सड़क हादसे में चार की मौत

**कोंडागांव** । छत्तीसगढ़ के कोंडागांव धनोरा के पास हुये सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और तीन युवक शामिल है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर इसकी सूचना मृतकों के परिजनों को दी । घटना धनोरा के कररापारा गांव के पास की है।

एक बाइक में सवार होकर तीन युवक फरसगांव के मोदे से केशकाल के इरागांव राखी बंधवाने के लिए जा रहे थे। इस दौरान कररापारा गांव के पास सामने से आ रही बाइक के साथ जबर्दस्त भिडंत हो गई। हादसे के बाद दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गये। वहीं बाइक सवार लहुलुहान हालत में सड़क पर ही गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तो दो बाइक सवार चार लागों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सभी मृताकों के षव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल एक युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। यहां पर घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### नन्ही किलकारियों को सुरक्षित करने के लिए तत्पर स्वास्थ्य टीम

सुरक्षित मातृत्व के लिए लगातार जारी है अभियान

**कवर्धा** । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर माह के 9 तारीख को आयोजित किया जाता है, इस माह 9 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण जिले में पीएमएसएमए का क्रियान्वयन 10 अगस्त को किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियान के लिए 11 केंद्रों की पहचान की गई तथा उक्त चिन्हित स्वास्थ्य केन्द्रों में निजी स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं शासकीय महिला चिकित्सकों को पीएमएसएमए के लिए हाई रिस्क गर्भवतियों के चिन्हांकन हेतु भेजा गया ।

पूरे दिन भर लगातार हो रही बारिश के बावजूद महिलाएं पूरे उत्साह के साथ पीएम एस एम ए अभियान में प्रसव पूर्व जांच हेतु उपस्थित हुईं जिसके परिणामस्वरूप, 914 एएनसी पंजीकृत हुए और उनकी जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि 914 में से 469 गर्भवतियों द्वारा प्रथम बार अभियान में का लाभ लिया गया। समस्त 914 गर्भवतियों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लैब जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इन 914 एएनसी में से 169 को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया गया और 215 को सोनोग्राफी के लिए चिन्हित किया गया। यहां यह बताना लाजमी होगा कि सोनोग्राफी हेतु चिन्हित गर्भवतियों हेतु विभाग की ओर से जिले से रोस्टर बनाकर आगामी 10 दिनों में जिला चिकित्सालय में निःशुल्क सोनोग्राफी कराया जाएगा। समस्त चिन्हित महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी कार्ड भी प्रदाय किया गया है। डॉ मुखर्जी ने बताया कि सभी सेंटर्स में काउंसलर अथवा नर्सिंग स्टाफके माध्यम से परिवार नियोजन परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

# संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में बिलासपुर बना चैंपियन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



बिलासपुर संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष बालक बालिका वर्ग में बिलासपुर का रहा दबदबा इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि बिलासपुर संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष बालक व बालिका वर्ग का आयोजन जिला कबड्डी संघ बिलासपुर की मेजबानी में 10 अगस्त को जिला खेल परिसर इनडोर बैडमिंटन हाल में आयोजित किया गया जिसमें बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती,पेंड्रा,मुंगेली,जांजगीर चापा और कोरबा जिला के बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया बिलासपुर संभाग खेल अधिकारी जीडी गर्ग व सहायक खेल अधिकारी बिलासपुर अवध राम चंद्राकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने के लिए सभी खिलाड़ीयो को प्रेरित किया संभाग स्तरीय 17 वर्ष बालिका वर्ग सेमीफाइनल मैच में बिलासपुर ने रायगढ़ को 38. 08 के मुकाबले 30 अंको से हराकर फाइनल में प्रवेश किया बिलासपुर ने फाइनल मुकाबले में मुंगेल जिला को 39.8 के मुकाबले 31 अंको से हराकर विजेता बना 17 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर जिला ने सेमीफाइनल में जांजगीर चापा को 38. 10 के मुकाबले 28 अंको से हारकर फाइनल में पहुचा और फाइनल मुकाबले में मुंगेली जिला को 24.07 के मुकाबले 17 अंको से हराकर लगातार 11 वी बार विजेता बना उसी प्रकार 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने सेमीफाइनल में कोरबा जिला को 43.25 के मुकाबले 18 अंको से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल मैच में मुंगेली जिला को एकतरफा 24.07 के मुकाबले 14 अंको से हराकर विजेता बना बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबले में पेंड्रा जिला से 38.13 के मुकाबले 25 अंको से हारकर उपविजेता बना मैच के निर्णायक व्यायाम शिक्षक प्रदीप यादव, के पी कश्यप राम कुमार टंडन,ओमकार जायसवाल, महेंद्र पटेल, राकेश देवांगन,नंद कुमार धुर्वे थे मैच को सम्पन्न कराने में शिक्षक हेमन्त यादव एव्यायाम शिक्षक बलवंत झा,मणिशंकर श्यामू साहू, उमेश सिदार का विशेष सहयोग रहा।



# रामायण संगीत प्रतियोगिता में भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला के अंतर्गत आने वाला नगर पंचायत मारो से महज ही दूरी पर लगा हुआ ग्राम पंचायत चक्रवाय है जहां पर आज भारतीय जनता पार्टी के डॉ जगजीवन खरे अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष का पदार्पण हुआ जहां पर श्रावण मास की बेला में रामायण संगीत प्रतियोगिता का आयोजन पूरे ग्राम वासियों के द्वारा ग्राम चक्रवाय में किया गया था जो 10 अगस्त 2022 दिन बुधवार सुबह 10 बजे से 12 अगस्त 2020 शुक्रवार पूरी रात्रि तक की मधुर बेला में रखी गई थी। जहां पर डॉक्टर जगजीवन खरे ने संगीत प्रेमियों के साथ तथा ग्राम वासियों के साथ बैठकर पूरे भगवान की कथा का श्रवण पान कीया जिसमें बम बम भोले समिति चक्रवाय के द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित रहा जिनमें खासतौर पर डॉक्टर जीवन खरे को भी आमंत्रित किया गया था जिसका उन्होंने अनुकरण करते हुए इस मधुर बेला में संगीत प्रतियोगिता का आनंद भी लिया तथा उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन होना पूरे क्षेत्र वासियों के लिए एक सुखद और सुनहरा अवसर रहता है। क्योंकि इसमें भक्ति भावना से ओतप्रोत इस तरह का कार्यक्रम बड़े ही आनंद एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और इसमें सम्मिलित होना एक बड़े ही गर्व की बात है क्योंकि भगवान भोलेनाथ की अनुपम छटा का वृहद दृश्य तथा राम नाम संकीर्तन होना जो एक अद्भुत और मानव मस्तिष्क को शांति प्रदान करने हेतु जैसा आवरण होता है वैसे भी भगवान भोलेनाथ बड़े ही दयालु और भोले भाले थे जो भक्तों की महज ही भक्ति भाव को देखते हुए उन्हें वरदान के साथ-साथ उनकी मनोकामना भी पूरा कर दिया करते थे। भगवान भोलेनाथ ने अपने जटा से गंगा को प्रवाहित किया जिस गंगा में लोग नहा कर के पवित्र होते हैं और अस्थि विसर्जन भी किया जाता है भोलेनाथ ने सागर मंथन के समय विष का पान किया जिसे आज लोग नीलकंठ के नाम से भी आह्वान करते हैं और भगवान भोलेनाथ एक ऐसे देव हैं जिन्हें मात्र एक लोटा पानी से ही लोग प्रसन्न कर देते हैं और उनकी मनोकामना भी पूरी होती है वैसे पूरे देश में 12 ज्योतिर्लिंग विद्यमान हैं मगर भगवान भोलेनाथ तो हर कण-कण में व्याप्त है और आज इससे ग्राम चक्रवाय में भगवान भोलेनाथ की संगीतमय कथा इसे रसपान करके हम भी मंत्रमुग्ध हो गए और हम संदेश देना चाहते हैं कि एक घड़ी आधो घड़ी आधो के पुनिआध तुलसी चर्चा राम की कटे-कोट अपराध कहने का तात्पर्य है कि हमें भगवान राम नाम का संकीर्तन करना चाहिए 24 घंटे नहीं तो 1 घंटे 1 घंटे नहीं तो 1 मिनट एक मिनट ही नहीं तो कम से कम एक बार राम का नाम अवश्य लेना चाहिए क्योंकि भगवान शिव के भी आराध्य देव राम ही थे उपरोक्त बातें डॉक्टर जगजीवन खरे ने कहीं और कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर जीवन खरे, मेघनाथ डेहरिया भोजराम यादव, तरुण धृतलहरे, विजय वर्मा, बिसाहू राम साहू नारायण बघेल, भूषण राजपूत, मुचकुंद सोनवानी, झम्मन बघेल, नंदनी देवी धृतलहरें, राजेश साहू, मथुरा वर्मा, ईश्वर सिंह लोधी, सरोज कुमार राजपूत, राजकुमार यादव, दयावंत धरबांधे, तूनेस्वर राजपूत,सनत राजपूत, देवादास चतुर्वेदी,मधु राय, द्वारिका राजपूत,मुरली मनोहर,राज कुमार देश लहरे, अभिषेक घोरहा, युपेश साहू उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा, कहा हमारी आन,बान, शान है तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए 223 वीं वाहिनी के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दोरनापाल से सुकमा तक रैली का आयोजन किया गया।



इस रैली में छत्तीसगढ़ के आबकारी व उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने शामिल हो कर तिंरगा लहराया। इस दौरान मंत्री कवासी लखमा ने सभी को स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ की अग्रीम बधाई दी है। उन्होंने कहा की तिरंगा झण्डा हमारी ताकत है और ये हमारी आन, बान, शान है । उन्होंने जवानों का हौसला भी अफजाई किया। दोरनापाल और सुकमा के बीच विभिन्न स्थानों पर स्कूली बच्चों और लोगों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर रैली का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। जब रैली सुकमा पहुंची तो सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा आतिशबाजी कर एवं हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर रैली का भव्य स्वागत किया गया। रैली में कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, कमान्डेंट रघुवंश कुमार सहित विभिन्न अधिकारी शामिल हुए।

गौरतलब है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के अवसर पर हर घर झण्डा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा 11 से 17 अगस्त 2022 तक हमर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आम लोगों में देश भक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में वृद्धि हो।

# अवर्षा की आशंका को लगातार की वर्षा ने दूर किया, किसानों के मूरझाते चेहरे खिले

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





## खरीफ की खेती में आई तेजी

जिले में इस खरीफ वर्ष में फसल के लिए निर्धारित लक्ष्य का 84 फीसदी बोआई का कार्य पूरा हो चुका है जबकि शेष बोआई का कार्य अभी भी जारी है। इधर, पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। कृषि विभाग के अनुसार मुताबिक इस वर्ष जिले में कुल 2.64 लाख 2 सौ हेक्टेयर में फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अब तक कुल 2.23 लाख 986 हेक्टेयर में फसल लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। इसमें धान के लिए 2.37 240 हेक्टेयर में फसल लगाने का लक्ष्य निर्धारित है और अब तक 2.10 लाख 571 हेक्टेयर में फसल लगाई जा चुकी है। इसमें 210.353 में धान, 0.156 हेक्टेयर में मक्का, 0.045 में कोदो और 0.017 हेक्टेयर में रागी की फसल लगाई गई है। कृषि विभाग के अफसरों के अनुसार खेती के लिए इस वर्ष बेहतर बारिश हुई है जिसका असर है कि रोपा.बियासी करीब लगभग अंतिम चरणों में है।

### जिले में अब तक की वर्षा

चालू मानसून के दौरान 01 जून 2022 से अब तक 732.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा महासमुंद विकासखंड में 1040.4 मिलीमीटर, बसना में 777.5 मिलीमीटर, पिथौरा में 729.3 मिलीमीटर, सरायपाली विकासखंड में 582.3 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 533.4 मिलीमीटर बागबाहरा ब्लॉक में दर्ज की गई। आज 12 अगस्त को 6.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में आज सरायपाली तहसील में 9.1 मिलीमीटर, महासमुंद तहसील में 6.0 मिलीमीटर, पिथौरा तहसील में 5.8 मिलीमीटर, बागबाहरा तहसील में 5.1 एवं बसना तहसील में 4.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### जिले में दलहन.तिलहन फसलों की स्थिति

जानकारी के अनुसार जिले में दलहन फसलों की बात करें तो इसके लिए कुल 19.150 हेक्टेयर का लक्ष्य था इसमें 9.121 हेक्टेयर में फसल लगाई गई है। जिसमें अरहर के लिए 0.250 हेक्टेयर का लक्ष्य है जिसमें 0.187 में फसल लग चुकी है। इसी क्रम में मूंग हेतु 1.860 में 1.053, उड़द हेतु 16.960 में 7.881 में लगाई जा चुकी है। कुल्थी के लिए 0.080 हेक्टेयर का लक्ष्य था लेकिन इसकी बोनी जिले में अब तक नहीं हुई है। इधर, तिलहन फसलों के लिए 4.160 हेक्टेयर का लक्ष्य है जिसमें 2.336 हेक्टेयर में फसल लग चुकी है। इसमें 3.980 में 7.881 हेक्टेयर में मूंगफली, 0.180 में 0.115 में तिल की फसल लगाई गई है। इसके अलावा 3.470 में से 1.958 हेक्टेयर में साग-सब्जी की फसल लगाई गई है।

# पुरनापानी के शिव मंदिर से करचिया शहीद स्मारक तक कांग्रेस का तिरंगा पद यात्रा

## पदयात्रा में प्रदेश जिला और स्थानीय पदाधिकारियों ने लिया भाग

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गरियाबंद कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पूरे जिलेभर में तिरंगा पदयात्रा निकाली गयी। जिसमें जिला और स्थानीय कार्यकर्ताओं के अलावा प्रदेश संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। सप्ताहभर चतुर्थ चरण का पदयात्रा देवभोग के पुरनापानी के शिव मंदिर से शुरूकर करचिया के शहीद स्मारक में समापन की गयी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अंबिका मरकाम जो सिहावा विस के पूर्व विधायक भी है सहित अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव तथा गरियाबंद जिला पदयात्रा प्रभारी संजय नेताम शामिल हुये वही स्थानीय



पदाधिकारीयो में भुपेन्द मांझी, धनसिंग मरकाम,उमेश डोंगरे अरूण मिश्रा, सुखचंद बेसरा अल्तमस खान, सूरज शर्मा,नवीन सेन,कुंजल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदयात्रा मे शामिल हुये।

### जिला में छह चरणों में होगा पदयात्रा

कांग्रेस की जिला इकाई ने आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर संगठन स्तर पर बड़ी तैयारी की है गरियाबंद जिला ब्लाक स्तर पर कुल छह चरणों में पदयात्रा कर रहे है पहले चरण में पैरी उदगम से गरियाबंद वही दूसरे चरण में गरियाबंद से चिखली और तीसरे चरण मे जिडार से मैनपुर तक वही चौथे चरण में पुरनापानी से करचिया तक के तिरंगा पदयात्रा को पूर्ण कर लिया गया है और बचे दो चरण में छुरा क्षेत्र पर भी पदयात्रा निकालने की तैयारी है।



### बुथ स्तर पर घर-घर तिरंगा लगाने को लोगों से मिल रहे कांग्रेस कार्यकर्ता

देवभोग ब्लाक मे आजादी महोत्सव का उत्सव गांव तक दिखे इसको लेकर कांग्रेस बुथ स्तर पर भी तैयारी की है कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी बुथ स्तर पर लोगों से मुलाकात कर तिरंगा लगाने को प्रेरित कर रहे हैं तो वही पार्टी तिरंगा भी बांट रही है। इस प्रकार राजनितिक दलो के साथ-साथ पोस्ट आफि स और कुछ सामाजिक संगठन भी तिरंगा बांटकर लोगों को लगाने प्रेरित कर रहे हैं वही घरो पर तिरंगा लगाने लोगो में भी खासी रूचि देखने को मिल रहा है। जिससे गांव में घरो पर लगे तिरंगे का नजारा भी देशभक्ति से ओत प्रोत हो गया है।

### करचिया के शहीद के पिता ने कांग्रेस पदाधिकारीयो के सामने बतायी व्यथा

*जब कांग्रेस की तिरंगा पद यात्रा करचिया के शहीद भोज राज टाण्डिल्य के स्मारक तक पहुंची तो शहीद के पिता ने अपनी व्यथा गिनाया कांग्रेस के नेता शहीद के राशि ना मिलने की व्यथा सुनने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष अंबिका मरकाम ने सीएम से मुलाकात कर शहीद पिता के इस व्यथा को जल्द दुर करने की बात कही है।*

## एक नजर

### हमर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी शासकीय भवनों, नागरिकों ने अपने घर पर फहराया तिरंगा

11 से 17 अगस्त तक लहराएगा तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।





आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के अवसर पर हर घर झण्डा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा 11 से 17 अगस्त 2022 तक हमर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आम लोगों में देश भक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में भी वृद्धि हो। इसी कड़ी में कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत कार्यालय, विकास खंड शिक्षा कार्यालय, आश्रमों, स्कूलों,पीडीएस भवनों, जनपद कार्यालयों आदि सभी कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत झंडा फहराया गया और अभियान को सफल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी सार्वजनिक उपक्रमों, स्व.सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इस कार्यक्रम में कार्पोरेट एवं निजी संगठनों को भी भाग लेने एवं अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में झण्डा फहराया जा रहा है। राज्य शासन के वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है।

### पिकअप में चोरी का कबाड़ ले जाते 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही एवम रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। उसी तारतम्य में 10 अगस्त 2022 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की 3 व्यक्ति पिक अप वाहन में बिलासपुर की ओर जा रहे हैं जिसमें लोहे का कबाड़ लोड है जिसका कागजात नही है। पिकअप वाहन को चेक करने पर लगभग 2.5 टन लो ही का कबाड़ भरा हुआ मिला जिसके संबंध में वैद्य कागजात की मांग की गई,आरोपीगण द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसे चोरी का सामान होने के पूर्ण संभावना पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 41-1-4, जाफौ, 379 भादवि के अंतर्गत आरोपीगण जितेंद्र सोनवानी, शेख जाकिर, जाहिद अली सभी साकिनान बिलासपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# खड़े ट्रक को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक सहित दो अन्य घायल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राष्ट्रीय राजमार्ग-53 ग्राम लोहरीनडोंगरी के पास बुधवार शाम साढ़े 6 बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे ट्रक चालक व उसमें सवार 2 घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ट्रक डब्ल्यूबी 37 ई 2292 के चालक ने अपनी गाड़ी को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक एपी 31 टीपी 3886 को पीछे से टक्कर मार दी, इससे ट्रक डब्ल्यूबी 37 ई 2292 के चालक व ट्रक में बैठे 2 अन्य व्यक्ति को चोट आई। घायलों को डायल 112 की मदद से इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

**एक अन्य घटना में** - ग्राम लुकुपाली कोमाखान निवासी कुमार तांडी को ट्रैक्टर चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है। पुलिस के अनुसार वह ग्राम उखरा निवासी मोहन चौधरी की स्कूटी को लेकर परिवार को छोड़ने महादेवा मंदिर गया था। जहां से वह वापस आ रहा था। कुलिया नाला के सामने नवनिर्मित सड़क पर पहुंचा उसी समय रोड निर्माण में काम कर रहे स्वराज ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 1782 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कूटी को ठोकर मार दिया। घायल को इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल लाए, जहां इलाज के बाद रेफर कर दिया।

# बहनों एवं माताओं को आवागमन के लिए दी निःशुल्क वाहन सुविधा बहनों को मिठाई बांटी माताओं व बहनों ने दी दुआएं

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला कोरिया इकाई द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों के लिए पूरे जिले के विभिन्न स्थानों में आने जाने हेतु निःशुल्क वाहन की व्यवस्था कल्याण संघ द्वारा करवाई गई। कल्याण संघ के द्वारा विगत वर्षो से रक्षाबंधन पर यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। संघ के समस्त कार्यकर्ता अपना इस सामाजिक कार्य में पूर्ण योगदान देते हैं।



वही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बी डी निजामी ने बताया की पत्रकार कल्याण संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य पत्रकारिता के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा सिंह बाबा ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बहनों की सेवा है। जिनके पास खुद के साधन उपलब्ध नहीं है वह बहनो को काफी दूर पैदल चलकर राखी का त्यौहार मनाने आना जाना पड़ता हैं हमारा यह छोटा सा प्रयास है कि हम आज के दिन बहनों की सेवा करके अपने आपको धन्य समझें, पूर्व संभाग अध्यक्ष विवेकानंद पांडे ने बताया की कल्याण संघ सदैव जनहित में कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। जिलाध्यक्ष कोरिया सुरेश मिनोचा ने बताया हम भले ही पत्रकार हैं पर सामाजिक दायित्व निभाना हमारा प्रथम कर्तव्य है व हम इस पर खरे उतरने की कोशिश कर रहे है। इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ प्रदेश कार्यकारी सदस्य कृष्णा सिंह बाबा,खगेन्द्र यादव,पूर्व संभाग अध्यक्ष विवेकानंद पांडे, कोरिया के जिलाध्यक्ष सुरेश मिनोचा महासचिव राजकुमार केसरवानी,उपाध्यक्ष अशोक कुजूर,ब्लॉक अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ रविन्द्र सोन, ब्लॉक सचिव नागेन्द्र दुबे, ब्लॉक सह सचिव राजेश सिन्हा,ब्लॉक उपाध्यक्ष यीशै दास, ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत उमेश तिवारी,राजू शर्मा, दामोदर सिंह, भगवान दास,राहूल वल्लभ,सहित कल्याण संघ के सभी साथियों का भरपूर योगदान रहा।

# दाढ़ी अंचल के नदियों में बाढ़ आपदा के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अमले ने किया राहत व बचाव कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने एवं बाढ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने हेतु निर्देश दिये गये है। जिसके तहत 12 अगस्त 2022 को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से आपसी समन्वय स्थापित कर बाढ़ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगों को



हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैं। इस कार्य में जिला प्रशासन के राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, रेस्क्यू टीम एवं बेमेतरा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजीव शर्मा के नेतृत्व में थाना दाढी प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट एवं अन्य स्टाफके द्वारा दाढी अंचल के बाढ़ वाले इलाके में प्रशासकीय व्यवस्था की जा रही है। सकरी नदी दाढ़ी में आई बाढ़ से करीब डेढ़ सौ से अधिक लोग पूरी तरह से प्रभावित हो गये हैं, झोपड़ी बनाकर निवास करने वाले सकरी नदी के किनारे बसे घरों में बाढ़ का पानी घुस गया हैं, बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए जिला प्रशासन ने दाढ़ी के शासकीय कन्या हाई स्कूल को अस्थायी शरणस्थली बनाया है। बाढ आपदा से राहत व बचाव कार्य के दौरान 60 वर्षिय बुजुर्ग कांग्रेसियों पिता गौरेलहा देवार इंदिरा आवास देवारपारा दाढी निवासी जिसे पुलिस जवानो के द्वारा रेस्क्यू कर शासकीय कन्या शाला दाढी में सुरक्षित पहुंचाया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगो को हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

13 अगस्त आपसी राजीनामा समझौते के आधार पर होगा प्रकरणों का निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा जयदीप विजय निमोणकर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुसार शनिवार 13 अगस्त 2022 को संपूर्ण भारत देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला न्यायालय बेमेतरा में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दंप्रसं तथा मेट्रोमोनियम डिस्पुट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, राजस्व संबंधी, प्रकरण ट्रैफि क चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री.लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे,




याददाश्त के आधार पर बंटवारा, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हाकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय के लिये 07 एवं तालुका विधिक सेवा समिति हेतु 01 खंडपीठ तथा राजस्व मामलों के निराकरण हेतु राजस्व न्यायालय हेतु 22 खंडपीठ का गठन किया गया है। जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने हेतु 13 अगस्त को न्यायालय परिसर बेमेतरा में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्वाचन विधि एवं नियमों में संशोधन एवं वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया की अध्यक्षता एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सह कार्यशाला जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा सम्पन्न करायी गई। प्रशिक्षण में जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर, बीएलओ सुपरवाईजर एवं तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने, मतदान केंद्रों का सत्यापन, चार अर्हता तिथियों के अनुरुप आवश्यक सावधानी व तैयारी रखने तथा विशेष रुप से मतदाता सत्यापन हेतु मतदाता फोटो परिचय पत्र के आधार लिक करने के



आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देश दिये गये। आयोग द्वारा मतदाता पंजीयन को सरल बनाने के उद्देश्य विभिन्न प्रारूपों में भी संशोधन किये गये है जिसकी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित समस्त प्रशिक्षार्थी के मतदाता परिचय पत्र को आधार से लिंक कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा आम मतदाता से अपील किया गया है। कि सभी मतदाता अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपने मतदाता परिचय पत्र को आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप अथवा डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू एनवीएसपइन पर पंजीयन कर फार्म 6बी भर कर इस अभियान को सफल बनाये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब कोई भी युवा अपने मताधिकार से वंचित न होए इस उद्देश्य से आयोग द्वारा मतदाता पंजीयन हेतु चार अवसर प्रदान किये गये हैं। अब युवा आर्हता तिथि क्रमशः 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की स्थिति में, जो युवा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु आवेदन कर सकेंगे। जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत तहसील स्तर पर बीएलओं प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देश उपरांत प्रशिक्षण समाप्त।

# भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान को सफ ल बनाने के लिए। 223वीं वाहिनी के रिपुवबल द्वारा दोरनापाल से सुकमा तक मोटर साईकिल रैली का आयोजन किया गया है। जिसका नेतृत्व रघुवंश कुमार, पीएमजी कमान्डेंट 223वीं वाहिनी द्वारा किया गया जिसमे त्रिलोक नाथ सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, नितीन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं संजय कुमार, उप कमाण्डेंट, व वाहिनी के अन्य कार्मिको ने समपर्ण भाव से भाग लिया। रैली का शुभारम्भं 223 वीं वाहिनी मुख्यालय से हुआ। रैली जैसे ही दोरनापाल चौक में पहुंची तो वहां पर स्कूल के बच्चों को चाकलेट,मिठाई, व तिरंगे झण्डे का वितरण किया गया। इसके बाद जब रैली वहां से आगे बढी तो



डुब्बाटोटा में स्कूल के बच्चों को चाकलेट, मिठाई, व तिरंगे झण्डे का वितरण किया।

जब वहां से रैली आगे बढ़ी तो ग्राम चिकपाल के पास जिला अधिकारी हरीश एस व पुलिस अधिक्षक सुनिल शर्मा भी इसी रैली में शामिल हुए। उसके बाद केरलापाल के पास छत्तीसगढ़ राज्य के अवकारी व उद्योग मंत्री कवासी लकमा ने हाथो में तिरंगा लहराकर रैली का अभिवादन किया एवं जवानो का हौसला अफजाई किया। इसके बाद जब रैली ग्राम रामाराम पहुंची तो वहां के स्कूल के बच्चों ने हाथो में तिरंगा झण्डा लेकर रैली का स्वागत किया वहां पर भी स्कूल के बच्चों को चाकलेट व मिठाई वितरीत किया इसी कम आगे बढ़ते हुये जब रैली सुकमा में पहुची तो सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के नेतृत्व में बडी संख्या में स्थानीय लोगों द्वारा, आतिशबाजी कर एवं हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर रैली का भव्य स्वागत किया। इसके बाद आईएमएसटी व मदर टेरेशा स्कूल के बच्चो ने भी अपने हाथो में तिरंगा झण्डा लेकर रैली का स्वागत किया वहां पर भी स्कूल के बच्चों को चाकलेट व मिठाई वितरीत किया इसके बाद रैली अपने गंतव्य स्थान पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय रेन्ज सुकमा में पहुंची जहां पर अरविन्द राय, पुलिस उप महानिरीक्षक के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं रैली को संबोधित किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक के दिल मे देश प्रेम की भावना जगाना और अपने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम व जागरूकता को बढावा देना है।



जोहार छत्तीसगढ़





# कैडेवर में पुलिस सर्जन की भूमिका निभा रहीं अमला पॉल

अभिनेत्री अमला पॉल आगामी तमिल फिल्म कैडेवर में नजर आएंगी, जहां वह एक पुलिस सर्जन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह कहती हैं कि कहानी की आवाज तीव्र है और यह भूमिका के लिए अधिक सुसंगत और गंभीर दृष्टिकोण की मांग करती है।

ट्रेलर का हिंदी सीजन बोमन ईरानी द्वारा जारी किया गया था, जबकि तमिल सीजन को सुपरस्टार मोहनलाल और अनिरुद्ध द्वारा जारी किया गया था, जिसे समान रूप से आश्चर्यजनक प्रतिक्रियाएं मिली थीं। एक खोजी कथा को निभाने पर उन्होंने कहा, कैडेवर सबसे दिलचस्प चरित्र है जिसे मैंने अब तक निभाया है।

कहानी की आवाज तीव्र है और यह भूमिका के लिए अधिक सुसंगत और गंभीर दृष्टिकोण की मांग करती है। मैं ट्रेलर से बहुत हैरान थी, आपने जो काम किया है उसे आप वास्तव में कभी नहीं समझ पाएंगे जब तक कि आप इसे वहां नहीं देखते।

कैडेवर का निर्माण खुद अमला पॉल ने किया है और इसका निर्देशन अनूप एस. पनिकर ने किया है। फिल्म में अमला, हरीश उथमन, मुनीशकांत और अथुल्या रवि हैं और यह 12 अगस्त से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी।

# ऐतिहासिक शो हमारे अंदर बहुत सारी भारतीयता लाते हैं : बरखा सेनगुप्ता



अभिनेत्री बरखा सेनगुप्ता का कहना है कि ऐतिहासिक शो न केवल जानकारीपूर्ण होते हैं बल्कि मनोरंजक भी होते हैं और वे दर्शकों के बीच अभी भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने ऐतिहासिक शो स्वराज-भारत के स्वतंत्र संग्राम की समग्र गाथा के बारे में बात करते हुए यह बात कही। 75-एपिसोड की एक श्रृंखला भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और कुछ ऐतिहासिक तथ्यों के बारे में है, जिनके बारे में कई जगहों पर ज्यादा चर्चा या उल्लेख नहीं किया गया है।

अभिनेत्री अब्बक्का रानी की भूमिका निभाएंगी, जो सबसे शुरूआती स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थीं और दक्षिण भारत में कर्नाटक और केरल राज्यों के बीच एक सीमावर्ती क्षेत्र तुलु नाडु की रानी थीं और वहां के लोग तुलु भाषा बोलते हैं।

कितनी मस्त है जिंदगी की प्रसिद्धि आगे बताती है कि लोग शो देखना क्यों पसंद करेंगे और कहते हैं, मुझे लगता है कि इसके दो कारण हैं - क्योंकि हम देशभक्ति महसूस करना चाहते हैं और फिर भी हम बहुत सी कहानियों के बारे में नहीं जानते हैं जो इसमें हुई हैं उस समय की अवधि। इसलिए, ऐतिहासिक शो उस समय क्षेत्र से हमारा संबंध हैं।कॉन्टिलो पिक्च र्स द्वारा निर्मित श्रृंखला, 1498 से विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं को दिखाएगी जब वास्को डी गामा पहली बार 1947 में भारत पहुंचे जब देश को स्वतंत्रता मिली। इसकी शुरूआत डीडी नेशनल पर 14 अगस्त से होगी।



# चकदा एक्सप्रेस के लिए जमकर वर्कआउट कर रही हैं अनुष्का

बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा किसी न किसी वजह से हमेशा चर्चा में रहती है. एक्टर फिल्मी रोल से लंबे समय से दूर है. लेकिन वो सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव करती हैं. फैंस उनकी फोटोज की बखूबी तारीफ करते हैं. वो आए दिन सोशल मीडिया पर कभी फोटोज, तो कभी वीडियो शेयर करती रहती है।

अनुष्का शर्मा अपनी फिटनेस को लेकर काफी अलर्ट रहती हैं. अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने वर्कआउट सेशन के दौरान की मिरर सेल्फी साझा की है, जिसमें एक्ट्रेस योगा पैंट और क्रॉप टॉप पहने नज़र आ रही हैं. वहीं इस फोटो में उनकी वर्कआउट की मेहनत साफ दिख रही है. इस फोटो को शेयर करते हुए अनुष्का ने एक प्यारी सी लाइन भी लिखी है. उन्होंने लिखा- 'मेहनत करी और शो ऑफ नहीं तो क्या मेहनत करी.' उन्हें आखिरी बार शाहरुख खान के साथ फिल्म जीरो में देखा गया था. वहीं अब वो आगामी फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस में नज़र आने वाली हैं. इस फिल्म में वो भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी का रोल प्ले करते नजर आएंगी. ये देखना काफी दिलचस्प होगा की ये फिल्म बॉक्सऑफिस पर कितना धमाल मचाएगी. अनुष्का शर्मा ने इस फिल्म को लेकर एक बार कहा था, भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी के समय और जीवन से प्रेरित है और और ये कहानी महिला क्रिकेट की दुनिया को लेकर दुनिया की आंखें खोल देगी।

# सौरभ शुक्ला के साथ काम करेगी टिस्का चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा वेबसीरीज दहन-राकन का रहस्य में सौरभ शुक्ला के साथ नजर आयेगी। टिस्का ओटीटी स्पेस में काफी सक्रिय हैं और कुछ शॉर्ट फिल्मों के निर्माण और अभिनय के लिए चर्चा में रह चुकी हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उनकी वेबसीरीज होस्टेजेज का सीजन-1 भी काफी लोकप्रिय रहा था।ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने नई वेब सीरीज दहन-राकन का रहस्य का एलान किया है।दहन में टिस्का चोपड़ा और सौरभ शुक्ला लीड रोल में हैं। सोशल मीडिया में सभी कलाकारों के फर्स्ट लुक शेयर किये गये हैं। मोशन पोस्टर में सभी कलाकारों के चेहरों पर सस्पेंस और हैरानी के भाव हैं। मोशन पोस्टर देखकर लगता है कि दहन- राकन का रहस्य एक सस्पेंस-थ्रिलर और इनवेस्टिगेटिव जॉनर की वेब सीरीज हो सकती है।



## खेल

एशिया कप से बाहर हुए जसप्रीत बुमराह की चोट गंभीर

# टी-20 वर्ल्ड कप तक फिट होना मुश्किल, अक्टूबर में होना है टूर्नामेंट



एशिया कप में चोट की वजह से टीम इंडिया में शामिल नहीं किए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट गंभीर है। उनका टी-20 वर्ल्ड कप तक फिट होना मुश्किल है। ऐसे में टी-20 वर्ल्ड कप में उनके खेलने को लेकर संशय है। टी-20 वर्ल्ड को शुरू होने में हालांकि, 2 महीना का समय है। इस बार टी-20 वर्ल्ड अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होना है। वहीं बुमराह की चोट को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से अभी अधिकारिक रूप से कोई कुछ नहीं कहा गया है। बुमराह को BCCI की ओर से रिहैब के लिए बेंगलुरु में स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में जाने के लिए कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह को लगी चोट गंभीर है। उनके फिट होने में ज्यादा समय लग सकता है। उनकी चोट को लेकर BCCI भी नजर रखे हुए है।

जसप्रीत बुमराह पहले भी चोट की वजह से क्रिकेट से दूर रह चुके हैं। 2019 में वर्ल्ड कप के बाद पीठ में चोट लगी थी। उनकी पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर था। इसके बाद वे लंबे समय तक टीम से बाहर रहे थे। वापसी के काफी समय बाद भी वे पूरी तरह रंग में नहीं आ पाए थे। बुमराह के चोटिल होने की सबसे बड़ी वजह उनका अनोखा बॉलिंग एक्शन है। जिस तरह से वे बॉल डालते हैं, उससे उनकी पीठ पर काफी जोर पड़ता है। एशिया कप में बुमराह और हर्षल पटेल चोट की वजह से एशिया कप से बाहर हैं। ऐसे में,श्व में होने वाली टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में 3 तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार, युवा अर्शदीप सिंह और आवेश खान हैं। टी-20 के ज्यादा मैच होने से खिलाड़ियों के चोटिल होने के मामले में बढ़ोतरी हुई है। एक स्टडी के मुताबिक टी-20 आने के बाद से खिलाड़ियों की चोट में 10त्न तक बढ़ोतरी हुई है। सबसे ज्यादा खामियाजा तेज गेंदबाजों को भुगतना पड़ा, जिनमें चोट के मामले 18त्न तक बढ़ गए हैं। फिलहाल, इंटरनेशनल क्रिकेट से जुड़े 28 खिलाड़ी चोट के कारण मैदान से बाहर हैं।

# केन विलियमसन की वापसी, न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में धोया



**जमैका** । कप्तान केन विलियमसन के 47 रन और जिम्मी नीशाम के 15 गेंद में 33 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज को 13 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 185 रन बनाए, जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन ही बना पाई। नीशाम ने आखिरी तीन गेंद में तीन चौके लगाए और आखिरी ओवर में 23 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनर ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसकी मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को सात विकेट पर 172 रन पर रोक दिया। मार्टिन गुप्टिल और डेवोन कोंवे ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत देकर पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। दोनों को ओडियन स्मिथ ने पवेलियन भेजा।

## एक नजर

# पंजाब महिला हॉकी टीम का चयन ट्रायल 13 अगस्त को



**जालंधर** । गुजरात में होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेल-2022 में भाग लेने वाली पंजाब महिला हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल 13 अगस्त को अमृतसर में होंगे। हॉकी पंजाब के निलंबन के बाद भारत में हॉकी के प्रमुख संगठन, हॉकी इंडिया द्वारा नियुक्त हॉकी पंजाब की तदर्थ समिति के सदस्य ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी ने बताया कि राजकोट (गुजरात) में 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाली पंजाब महिला हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल 13 अगस्त को सुबह 11 बजे अमृतसर के गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में आयोजित किये जायेंगे।

ओलंपियन शम्मी ने कहा कि इन चार ट्रायल के लिए हॉकी पंजाब ने हरप्रीत सिंह मंडेर, हरदीप सिंह नीटा, बलविंदर सिंह शमी (सभी ओलंपियन), बलदेव सिंह (द्रोणाचार्य अवार्डी), राजबीर कौर राय (एशियाई पदक विजेता), योगिता बाली और सुखजीत कौर (दोनों पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) को चयन समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

# फ्रांसीसी गोताखोर ने डीप-डाइविंग में 7वीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

समुद्र में 393 फीट की गहराई तक लगाया गोता, 3 मिनट 34 सेकंड में पूरी की डाइव



फ्रांस के गोताखोर अरनॉड जेराल्ड ने डीप डाइविंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने अब तक का सबसे गहरा गोता लगाया। वे डाइव मारकर समुद्र में 120 मीटर, यानी करीब 393 फीट नीचे गए। ये डाइव पूरी करने में उन्हें 3 मिनट 34 सेकंड का समय लगा।

खास बात तो ये है कि अरनॉड ने ये गोता बिना किसी ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद के लगाया है। आमतौर पर गोताखोर पानी के अंदर ज्यादा गहराई तक जाने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं।

अरनॉड जेराल्ड ने कम उम्र से ही डाइविंग की ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। उन्होंने अपनी पहली डाइव 16 साल की उम्र में मारी थी।

अरनॉड जेराल्ड ने कम उम्र से ही डाइविंग की ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। उन्होंने अपनी पहली डाइव 16 साल की उम्र में मारी थी।

BBC की रिपोर्ट के मुताबिक, अरनॉड जेराल्ड ने यह रिकॉर्ड 9 अगस्त को बहमास में आयोजित हुए एनुअल वर्टिकल ब्लू कॉम्पिटिशन में बनाया। वे पानी के अंदर कुल 3 मिनट 34 सेकंड तक रहे। जेराल्ड ने सातवीं बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है।


# ऋषभ पंत बने उत्तराखंड के राज्य ब्रांड एम्बेसडर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे सम्मान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उत्तराखंड सरकार ने अपने राज्य का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। प्रदेश सरकार ने अपने यहां युवाओं को खेल कूद एवं जन स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ऋषभ पंत को यह जिम्मेदारी सौंपी है। गुरुवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में पंत का सम्मान करेंगे। बता दें, ऋषभ पंत मूल रूप से उत्तराखंड के ही निवासी हैं। वह हरिद्वार जिले के रुड़की में पले बड़े हैं और वहीं उनकी शिक्षा हुई थी। वह रणजी दिल्ली से खेलते थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद ट्वीट कर पंत को राज्य का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा प्रदेश सरकार ने देवभूमि के सपूत एवं भारतीय क्रिकेट टीम के प्रतिभावान खिलाड़ी ऋषभ पंत जी को उत्तराखण्ड के युवाओं को खेलकूद एवं जन स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से राज्य ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। आपको हार्दिक शुभकामनाएं!

# प्रज्ज्वल होंगे तेलुगू योद्धा के कप्तान, प्रतीक वैकर उपकप्तान



**पुणे** । भारत के स्वदेशी खेल 'खो-खो' की बहुप्रतीक्षित लीग अल्टिमेट खो-खो की फ्रेंचाइज़ी तेलुगू योद्धा ने अटैकर प्रज्ज्वल केएच को टीम का कप्तान बनाने की घोषणा की।

जीएमआर ग्रुप की फ्रेंचाइज़ी ने बताया कि प्रतीक वैकर टीम के उप-कप्तान की भूमिका निभायेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ की पेशेवर लीग 'अल्टिमेट खो-खो' के उद्घाटन सत्र की शुरुआत 14 अगस्त को पुणे के छत्रपति शिवाजी खेल परिसर में होगी। तेलुगू योद्धा ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने देश भर से 22 खो-खो खिलाड़ियों को चुनकर अपना दस्ता तैयार कर लिया है।

# जब विशेष बच्चों के बीच पहुंची कलेक्टर रानू साहू को उनकी समस्याओं की हुई जानकारी, तो 1 दिन में किया समाधान





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू की संवेदनशील पहल से उन्नायक सेवा समिति द्वारा बेंद्राचुआ में संचालित नई उम्मीद संस्था के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की अब और बेहतर देखरेख हो सकेगी। उन्हें एक ही जगह पर विद्यालय, छात्रावास, अस्पताल, खेल का मैदान, पार्क एवं अन्य सुविधाएं मिलेंगी। जिससे उनके पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद और इलाज का इंतजाम एक ही जगह पर हो सकेगा। कलेक्टर रानू साहू ने इसके लिए संस्था के भूमि आबंटन के आवेदन का विषय संज्ञान में लेते हुए तत्काल उस पर कार्रवाई करते हुए स्थाई पट्टा आवंटित करने की स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए हैं।

दरअसल कलेक्टर श्रीमती रानू साहू नई उम्मीद संस्था के बच्चों के साथ राखी का त्यौहार मनाने पहुंची थी। यहां उन्होंने संस्था के कामकाज, बच्चों के लिए मौजूद सुविधाओं और संस्था के लिए आवश्यक संसाधनों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ज्ञात हुआ कि संस्था प्रबंधन भूमि के आवंटन के लिए आवेदन लगा रखा है। जिस पर कार्रवाई की जानी है। प्रबंधन ने बताया कि समिति द्वारा 7 विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगों, अनाथ, अभ्यर्पित, परित्यक्ता, एकल अभिभावक वाले एवं सुरक्षा तथा संरक्षण के जरूरतमंद बालक एवं बालिकाओं के लिए संस्थाएं संचालित हैं। सभी संस्थाएं किराए के भवन में संचालित हैं जिससे हितग्राहियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कलेक्टर साहू ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द व्यवस्था का आश्वासन दिया था। जिसके पश्चात उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए और एक दिन के भीतर ही उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए राजस्व नियमावली के तहत आवेदक संस्था को भूमि आबंटन की स्वीकृति के आदेश कलेक्टर रानू साहू ने जारी कर दिए हैं। इसके लिए उक्त भूमि पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रचलित गाइडलाइन के आधार पर बाजार मूल्य का 75 प्रतिशत प्रब्याजी तथा समतुल्य दांडिक प्रब्याजी के साथ वार्षिक भू-भाटक, पंचायत उपकर, अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर सहित कुल राशि निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उनके लिए सामान्य एवं विशेष शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। जिससे निवासरत बच्चों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सके।

## एक नजर

### वन अधिकार पट्टा का वितरण



**कोण्डागांव** । ग्राम पंचायत बड़े बेदरी में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती के अवसर पर ओबीसी वर्ग के लोगों को वन अधिकार पट्टा वितरण किया गया वन अधिकार पट्टा वितरण किया गया (1) जानकी बंजारा (2 )तुलाराम धडवा (3) सुकृता मरार( 4) मानसिंह केवट (5)नीलमबत्ती धाकड़( 6)विद्यासागर राऊत(7) जगबंधु गाडा ( 8)मान सिंह गाडा(9) शिवकुमार बैरागी(10) सुक्कर मरार (11) धन बाई(12) कमल राम (13)गोविंद पनका(14) झामु राम बंजारा(15) मनीराम रावत (16)चरण बैरागी( 17)बंचूराम बंजारा(18) चेतक मरार(19) लक्ष्मण सिंह केवट(20) मानसिंह मरार(21) अधन गोड।

### पार्षद मणी भास्कर के उल्टा झंडा वाली तस्वीर को एडिटेड साबित करने पर युवा कांग्रेस देगी, 100000 का इनाम - दिव्यांश चौरडिया

**राजनांदगांव** - बागेश्वर धाम धर्मार्थ द्वारा निकाले गए कावड़ यात्रा में उल्टा झंडा पकड़ने की क्रिया में भाजपा की राजनीति चरम पर, एक तरफ जहां राजनांदगांव महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी ने इसे बागेश्वर धाम समिति एवं स्वयं की मानवीय भूल मानकर खेद प्रकट किया उक्त मामले में जब भाजपा पार्षद मणि भास्कर गुप्ता जी का उल्टा झंडा पकड़े हुए फोटो और वीडियो वायरल होने पर सुगबुगाहट सी मच गई हैं, अपनी गलती स्वीकार करना छोड़ भाजपा राजनीति करने पर उतारू हो धार्मिक यात्रा के अपमान कर रही है, अब भाजपा का कहना है कि मणि भास्कर जी का उल्टा झंडा पकड़े हुए जो वीडियो और फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुआ वह एडिटेड है या फर्जी है, इस बयान पर राजनंदगांव युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष दिव्यांश चौरडिया ने सार्वजनिक रूप से मणि भास्कर जी की उल्टे झंडे वाले फोटो में उनके झंडे में किसी भी प्रकार का एडिट या छेड़छाड़ साबित करने पर ?100000 का इनाम घोषित कर दिया है एक तरफ भाजपा लगातार इसे राजनीतिक रूप देते हुए कोतवाली थाना में वीडियो और फोटो को एडिटेड और फर्जी कहते हुए एफ.आई आर की मांग की वहीं दूसरी ओर राजनंदगांव युवा कांग्रेस ने खुले रूप से भाजपा एवं भाजपा के पदाधिकारियों को चुनौती देते हुए फोटो मैं मणि भास्कर जी के झंडे को एडिटेड साबित करने पर इस बड़ी रकम की घोषणा की है राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष दिव्यांश चौरडिया जी का कहना है कि कार्यक्रम धार्मिक था, महाकाल जी की पवित्र कावड़ यात्रा थी यात्रा में मग्न होकर भक्तों द्वारा आजादी का अमृत उत्सव मनाते हुए आयोजन समिति द्वारा झंडा पकड़ा गया था, झंडा यात्रा के आयोजक बागेश्वर धाम धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा वितरित किया गया था, बागेश्वर धाम प्रमुख द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में लगभग 4 झंडे उल्टे थे जैसे कि झंडे रेडीमेड थे तो बागेश्वर धाम धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया और मानवीय भूल के चलते बागेश्वर धाम के सदस्य ने महापौर हेमा देशमुख और अन्य लोगों को उल्टा झंडा पकड़ा दिया जिस पर हमारी संवेदनशील महापौर हेमा देशमुख जी ने इसे मानवीय भूल मानकर खेद व्यक्त किया है और कहा है कि मैं राष्ट्रीय ध्वज को कभी अपमानित नहीं कर सकती मैं सदैव राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करती थी और करती रहूंगी और में नतमस्तक है राष्ट्रीय ध्वज को लेकर, वहीं दूसरी ओर भाजपा द्वारा लगातार निचले स्तर की राजनीति की जा रही है जो कि शर्मनाक है।




### स्वामी आत्मानंद स्कूल के निर्माण में लेटलतीफी, एजेंसी को जारी होगा नोटिस

**भिलाई** । नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 6 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में लेटलतीफी और सुस्त चाल के कारण निर्माण कार्य में देरी को लेकर आयुक्त ने एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं तथा शीघ्र कार्य पूर्ण करने अधिकारियों को कहा हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया। इस दौरान जोन आयुक्त एन आर रत्नेश, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे तथा उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे। सेक्टर छह स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल ग्राउंड तैयार किया जा रहा है।

# वन अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा वृक्षों को बांधी राखी

**कोंडागांव** । दक्षिण कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत वनमंडलाधिकारी श्री उत्तम कुमार गुप्ता भा.व.से. के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांति ''वृक्ष रक्षा सूत्रा एक संकल्प वृक्ष को बचाने'' का कार्यक्रम का आयोजन रक्षा बंधन के पर्व पर दिनांक 11/08/2022 को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे वनमंडल कार्यालय परिसर एवं प्रकृति पथ (आमचो सरगी प्रकृति हर्र) मर्दापाल रोड में साल वृक्षों में राखी बच्चों, वन अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा बांधी गई। साथ ही उपस्थित बच्चों को वृक्षों का जन जीवन, पर्यावरण में प्रभाव के महत्व को समझाते हुये वृक्ष रक्षा का संकल्प लिया गया।



दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत वृक्ष रक्षा सूत्रा कार्यक्रम वर्ष 2005 से अनावरत् 18 वर्षो से इस वनमंडल में उत्सव की भांति बनाया जा रहा है। इस वर्ष वनमंडल के समस्त परिक्षेत्रों में वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा एक संकल्प वृक्ष को बचाने का ''वृक्ष रक्षा, जीवन सुरक्षा'' के तहत् जन जागरूकता लाने हेतु क्षेत्रा में ग्रामीणो द्वारा गडलिंग किये गये वृक्षों को बचाने वृक्षों की रक्षा करने एवं पर्यावरण में सुधार लाने का संदेश देते हुये वृक्ष रक्षा पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष विशेषतौर पर जन सामान्य हेतु नव निर्मित वन चेतना केन्द्र आमचो सरगी प्रकृति हर्र में बच्चों को आंमत्रित कर उनसे वृक्ष रक्षा सूत्रा बंधवाया गया। वृक्षों को रक्षा सूत्रा बांधते हुये बच्चे अत्यंत प्रसन्न थे। एवं अपने आपको आनंदित महसूस कर रहे थे। वृक्ष रक्षा सूत्रा उत्सव मनाये जाने के उपरांत बच्चों को ''वन चेतना केन्द्र प्रकृति पथ'' का भ्रमण कराया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना जैतपुरी ने हर घर तिरंगा रैली निकाल किया जागरूक

**कोण्डागांव।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत निकाली राष्ट्रीय सेवा योजना ने निकाली जन जागरूकता रैली आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी जिला कोंडागांव में आज 12 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा जन जागरूकता रैली का विशाल आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों सहित स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया घर दुकान व्यवसायिक परिसर में जाकर लोगों से बातचीत कर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने हर घर में तिरंगा फहराने हेतु जागरूक करते हुए 13 से 15 अगस्त तक अपने घर में सम्मान पूर्वक ध्वजारोहण करने हेतु तिरंगे झंडे के महत्व से परिचित कराया प्रभारी प्राचार्य भावना ठाकुर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना बृजेश तिवारी के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता के 75 वर्ष जन जागरूकता रैली को सफल बनाने में सैयद तौसीफ आलम योगेश खापर्डे राजेश नेताम देवेंद्र दीवान निर्मला यादव वर्षा क्रिकेटर पूनम नाग लीना तिवारी आदि का विशेष योगदान रहा।






# स्वच्छता सर्वेक्षण में संस्कारधानी को 4थीं बार मिला ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा

**राजनांदगांव** । स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता की केन्द्रीय टीम गत जुलाई माह में ओडीएफ प्लस प्लस के लिये छत्तीसगढ़ में आकर हर जिले में सर्वे की थी। सर्वे में राजनांदगांव नगर निगम को ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेट मिला। पूर्व में भी राजनांदगांव नगर निगम को तीन बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिला था, चौथीं बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिलने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित निगम पदाधिकारियों ने नगर निगम की स्वच्छता, तकनीकि टीम के अलावा नागरिकों को बधाई दियें है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि चौथी बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिलना नगर निगम राजनांदगांव के लिये सौभाग्य की बात है। ओडीएफ के लिये हमारे स्वास्थ्य एवं तकनीकि टीम दिन रात मेहनत किये। उन्होंने कहा की सिर्फ निगम के भरोसे ही हमें ओडीएफ प्लस प्लस नही मिला, बल्कि हमारे पार्षदगण एवं शहर की जनता ने भी मेहनत एवं सहयोग किया है।

# लम्पी स्किन डिसीज़: पशुपालक रहे सावधान

**कोण्डागांव।** अभी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और देश के अनेक प्रांतों में, यहां तक कि दुनिया के अनेक देशों में, गायों में एक गंभीर बीमारी लंपी स्किन डिजीज नाम की महामारी का प्रकोप चल रहा है।

डॉ शिशिर कांत पांडेय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, कोंडागाँव ने बताया कि विगत कुछ वर्षों से लंपी स्किन डिजीज, हिंदी में जिसे पशु चेचक भी कह सकते हैं, इस महामारी का प्रकोप हर वर्ष दुनिया में कहीं ना कहीं आ रहा है।

गायों में लंपी स्किन डिजीज की बीमारी एक पुरानी बीमारी है जो दक्षिण अफ्रीका से लगते हुए क्षेत्रों में एक स्थाई महामारी है लेकिन आजकल पूरी दुनिया के अनेक क्षेत्रों में इसका प्रकोप दिखाई दे रहा है। अत: जिले के अंतरराज्यीय सीमा में निवासरत पशुपालको एवं पशुव्यापरियो को अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है, नए पशु खरीदने से पहले नजदीकी पशुचिकित्सक से स्वाथ्य परीक्षण करवाये एवं नए पशुओ को अनिवार्य रूप से 14 दिन क्वारनटाइन में रखे ।



डॉ हितेश मिश्रा, पशु वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागाँव से इस संबंध में विस्तृत चर्चा करने पर ज्ञात हुआ कि इस वर्ष बीमारी के विकट रूप में फैलने के दो कारण हो सकते हैं पहला कारण तो यह हो सकता है कि लंपी स्किन डिजीज का वायरस अपने आप को विकसित कर रहा है, अधिक विकसित कर रहा है और उसकी मारक क्षमता भी बढ़ रही है। दूसरा कारण हो सकता है कि क्लाइमेट चेंज के कारण, जो मौसम में परिवर्तन हो रहा है ऐसा मौसम इस वायरस के लिए ज्यादा अनुकूल सिद्ध हो रहा है। जो भी हो देश भर में इस महामारी का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

यह बीमारी गायों की इम्युनिटी के हिसाब से अनेक बार बहुत साधारण बुखार होकर निकल जाती है और अनेक बार अत्यंत गंभीर रूप धारण कर लेती है और गायों के लिए जानलेवा सिद्ध होती है।

# आगनबाड़ी के विकासखण्ड परियोजना कार्यालय और केन्द्रों में फहराया तिरंगा

## जिले के शासकीय कार्यालयों में भी फहराया झण्डा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के अवसर पर 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर झण्डा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आम लोगों में देश भक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में भी वृद्धि हो।

इसी कड़ी में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जल संसाधन कार्यालय, लोक निर्माण कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला सैनानी नगर सेना कार्यालय, परियोजना अधिकारी कार्यालय दुलदुला, मनोरा एवं बागबहार, आंगनबाड़ी सेक्टर हर्राडांड़, आंगनबाड़ी केन्द्र मिशन पारा, बासंलघना, लोदाम और सभी विकास खंड के कार्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्रों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत झंडा फहराया गया और अभियान को सफल बनाया जा रहा है।





# कोंडागांव पुलिस ने थाना कोतवाली में स्कूल की बालिकाओं के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

## शहर के स्कूल की बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं ने पुलिस अधिकारियो सहित थाना कोतवाली के सभी स्टाफ को बांधी राखी

**कोण्डागांव।** आज दिनांक 11.08.2022 को रक्षाबंधन के पर्व पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल भा.पु.से. के आदेश से एवं एडिशनल एसपी श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली में समारोह आयोजित कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया।

रक्षाबंधन के पर्व पर कोंडागांव शहर के अलग-अलग स्कूलों की बालिकाएं एवं शिक्षिकाएं पुलिस के जवानों एवं अधिकारियों को राखी बांधने थाना कोतवाली आई । जिन्होंने पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस के अधिकारियों व थाना कोतवाली के समस्त स्टाफ को रक्षा सूत्र बांधा। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने रक्षाबंधन के पर्व पर कोंडागांव जिले की बहनों से सुरक्षा का वादा किया।



रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के बाद स्कूल की बच्चियों एवं शिक्षिकाओं ने थाना कोतवाली का भ्रमण किया एवं थाना में होने वाले कार्यों की जानकारी ली। बच्चो ने थाना में होने वाले दैनिक कार्यों को देखा एवं पुलिस वालों की दिनचर्या जाना। बच्चो ने अपने थाना भ्रमण के कार्यक्रम को एक अच्छा अनुभव बताया।

**बच्चो ने थाना भ्रमण कर देखी पुलिस की दैनिक कार्यवाही ।**

**एसपी दिव्यांग पटेल ने बालिकाओं से किया सुरक्षा का वादा।**

थाना कोतवाली में रक्षाबंधन पर्व मनाने आई बच्चियों एवं शिक्षिकाओं ने अत्यंत उत्साह के साथ पुलिस के जवानों व अधिकारियों को राखियां बांधी, मिठाइयां खिलाई। इस दौरान बच्चों ने पुलिस के अधिकारियों व जवानों को राखी बांधने पर खुशी भी जाहिर करते हुए ऐसे समारोह के आयोजन पर कोंडागांव पुलिस का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान एडिशनल एसपी श्री राहुल देव शर्मा, एसडीओपी श्री निमितेश सिंह, रक्षित निरीक्षक श्री मनीष राजपूत, निरीक्षक श्री भीमसेन यादव, अन्य पुलिस के अधिकारी व जवान एवं कोंडागांव शहर के विभिन्न स्कूलों की बच्चियां एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# हर घर तिरंगा अभियानः तिरंगा फहराकर अमर शहीदों की कुर्बानी को करें नमन-कलेक्टर

## कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने काउंटर से खरीदा तिरंगा झंडा





### 13 से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर पूरे देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिले में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रायगढ़ जिला में भी बड़े पैमाने पर तिरंगा तैयार किया जा रहा हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाए गए तिरंगा झंडे के स्टॉल लगाए गए हैं। कलेक्टर रानू साहू एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों व मीडिया के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित तिरंगा काउंटर से तिरंगा झंडा खरीदा।

इस अवसर पर कलेक्टर रानू साहू ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान सभी निजी एवं शासकीय आवासों में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराकर अमर शहीदों की कुर्बानी को नमन करें एवं खुद को गौरवान्वित महसूस करें तथा देश के लिए अपना सम्मान का भाव प्रस्तुत करें। कलेक्टर साहू ने कहा कि झंडा को जिले की स्व-सहायता समूह तैयार कर रही है।

अभियान में नागरिकों की सहभागिता के साथ सभी शासकीय कार्यालयों व भवनों, उद्योगों, शैक्षणिक संस्थाओं में भी झंडा फहराया जाएगा। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार इसमें 10 हजार 583 पंचायत वार्ड, 886 उचित मूल्य की दुकानों, 3 हजार 141 स्कूल, 3 हजार 408 आंगनबाड़ी केन्द्र, 367 वन प्रबंधन समिति, 395 प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 117 बैंक शाखा, 192 आश्रम छात्रावास, 483 पटवारी व आरआई कार्यालय में झंडे फहराए जायेंगे। इसके साथ ही जिले के पुलिस थाना एवं चौकियों, सहकारी समितियों, धान खरीदी केंद्रों, जिले के उद्योगों व कॉलेजों में भी झंडा फहराया जाएगा। अभियान के लिए विविध प्रकार के आयोजन किए जायेंगे।

### तिरंगा फहराने के लिए भारतीय ध्वज संहिता के महत्वपूर्ण निर्देश

भारतीय ध्वज संहिता के अनुच्छेद 2.2 के अनुसार, सार्वजनिक, निजी संगठन या शैक्षणिक संस्थान का कोई सदस्य राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुसार सभी दिनों या अवसरों पर राष्ट्रीय ध्वज को फहरा/प्रदर्शित कर सकता है। भारत की ध्वज संहिता, 2002 को 20 जुलाई 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया था और भारत के ध्वज संहिता के भाग-2 के पैराग्राफ2.2 के खंड (3द्ध)को निम्नलिखित खंड द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था, जहाँ झंडा खुले में प्रदर्शित किया जाता है या जनता के किसी सदस्य के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, उसे दिन-रात फहराया जा सकता है। जब भी राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शन पर होता है, उसे सम्मान की स्थिति में होना चाहिए और स्पष्ट रूप से रखा जाना चाहिए। क्षतिग्रस्त या अस्त-व्यस्त राष्ट्रीय ध्वज को प्रदर्शित नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को उल्टे तरीके से प्रदर्शित नहीं किया जाएगा, अर्थात भगवा पट्टी नीचे की पट्टी नहीं होनी चाहिए क्षतिग्रस्त या अव्यवस्थित राष्ट्रीय ध्वज को प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज के साथ कोई अन्य ध्वज या फूल या माला या प्रतीक सहित कोई भी वस्तु ध्वजारोहण पर या उसके ऊपर नही रखी जाएगी। राष्ट्रीय ध्वज को किसी अन्य ध्वज या झंडे के साथ एक ही मास्टहेड (झंडे के शीर्ष भाग) से एक साथ नहीं फहराया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने हमर तिरंगा अभियान पर आधारित फिल्म का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री की अपील घर-घर फहराएं राष्ट्रीय ध्वज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमर तिरंगा अभियान पर आधारित फिल्म का लोकार्पण किया। जनसम्पर्क विभाग द्वारा इस अभियान पर हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा में दो अलग-अलग फिल्म तैयार कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 11 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य मनाए जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में हमर



तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के दौरान राज्य के गांव-गांव, शहर-शहर, घरों, शासकीय कार्यालयों, संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा हमर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम छत्तीसगढ़ के लोग उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। जिनके बलिदानों और संघर्षों से हमारा देश आजाद हुआ और हमें स्वतंत्रता मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ के लोग इस अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय एकजुटता पर भी अपने गर्व को व्यक्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि इस अभियान के दौरान शासकीय, अशासकीय संस्थानों, दुकानों, इमारतों और घरों में राष्ट्रीय ध्वज अवश्य फहराएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, जनसम्पर्क विभाग के संचालक सौमिल रंजन चौबे उपस्थित थे।

# कुपोषण को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जा रहा है वजन त्यौहार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुपोषण की समस्या दूर करने के लिए जिला प्रशासन निरन्तर प्रयासरत है। जिले में 01 से 13 अगस्त 2022 तक वजन त्यौहार के रूप में मनाया जा रहा है। इस हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 से 05 आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिलाकर एक क्लस्टर का निर्माण किया गया है और 0 से 06 वर्ष तक के आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए





सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कोविड.19 नियमों का पालन करते हुए वजन त्यौहार का आयोजन किया गया है। जहां एक ही तिथि में क्लस्टर के बच्चों का वजन लिया जा रहा है।

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया राखी का त्यौहार

बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर लिया रक्षा का वचन

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

सावन माह के अंतिम दिन 11 अगस्त को जिला मुख्यालय सहित जिले भर में भाई और बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रिमझिम फुहारों के बीच बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर विश्वाश व जिम्मेदारी का धागा बांधा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर अंचल में धूम रही, भाइयों की कलाई पर बहनों ने प्यार का धागा बांधा, इसके साथ बाजार में भी जमकर रौनक रही। रक्षाबंधन भाई बहन के स्नेह व प्रेम की ड़ोर में बंधा ऐसा पर्व है जिसे परस्पर विश्वाश की ड़ोर ने सदियों से बांध रखा है। भाई बहन का स्नेह और लगाव हमेशा बरकरार रहता है, क्योंकि बहन कभी बाल



सखा, कभी मां, तो कभी पथ प्रदर्शक बन भाई को रास्ता दिखाती है। तो वहीं भाई कभी पिता तो कभी मित्र बनकर बहन को आगे बढ़ने का हौंसला देता है। रक्षाबंधन का त्यौहार इस बार 11 और 12 अगस्त को मनाया गया बाहर रहने वाले भाइयों को बहने कोरियर और डाक के माध्यम से पहले ही राखी भेज चुकी हैं वही शहर के बाजारों में भी राखियों की दुकानें सजी रही बाजार के साथ घरों में भी इसकी तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी थी। राखी के त्यौहार के लिये भाईयों में जहां विशेष उत्साह देखा गया वहीं बहनें भी इस पर्व के लिये पहले से तैयारी में जुटी हुयीं थी। राखी के त्यौहार में बाजार में रौनक रही, मिठाईयों के साथ-साथ उपहारों के दुकानों में भी भारी भीड़ देखी गयी।

# जिले में विशेष अभियान चलाकर लगाया जा रहा बूस्टर डोज



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है और रात्रि पाली में भी शिविर लगाकर लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कोविड से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को विशेष अभियान चलाकर नि:शुल्क प्रिकॉशन बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत 15 जुलाई से आगामी 75 दिनों अर्थात 30 सितम्बर 2022 तक सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क टीकाकरण का प्रावधान है। अभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे लोग जिन्हें कोविड वैक्सीन का दूसरा टीका लगाए 6 माह या 26 सप्ताह पूर्ण हो चुके हैं।

उन्हें कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर पर प्रिकॉशन, बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। साथ ही 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कोर्बिभेक्स वैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज तथा 15 से 17 वर्ष के बच्चों को कोवैक्सीन का प्रथम व द्वितीय डोज लगाया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज मनोरा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आस्ता में स्वास्थ्य टीम द्वारा लोगों को टीका लगाया गया है। साथ ही स्कूल, आश्रम छात्रावास, बैंक, बाजार हाट जैसे सार्वजिनक स्थानों पर भी मेडिकल टीम द्वारा लोगों को टीका लगाया जा रहा है।



# पसान की नन्हीं पालिया को मिली 3 लाख की मदद, सांसद ज्योत्सना महंत का रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने भी पूर्व में दिए 16 लाख

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्र 4 में रहने वाले पीयूष पालिया की साढ़े 8 वर्षीय पुत्री अग्रणी पालिया गंभीर बीमारी से ग्रसित है। बच्ची के उपचार हेतु कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा आर्थिक सहयोग हेतु पहल किये जाने पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट के उपचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया है। इस राशि के मिलने से पीड़ित परिवार को काफी राहत मिली है, मासूम अग्रणी पालिया को थैलेसीमिया मेजर नामक गंभीर बीमारी है जिसमें खून की कमी होती है। हर महीने इस मासूम को ब्लड ट्रांसफ्यूशन किया जाता है और इस बीमारी का एक मात्र ईलाज बोन मेरो ट्रांसप्लांट है। मासूम का ईलाज बेंगलुरु के नारायणा हृदयालय अस्पताल में किया जाता है और ईलाज के लिए 40-45 लाख रुपए का खर्च है।





पाड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम तुमान में ग्रामीण चिकित्सा सहायक त्रिवर्षीय चिकित्सक बतौर पदस्थ पीयूष पालिया के लिए मासूम का ईलाज कराने का खर्च वहन करने की क्षमता नहीं है। पीयूष ने आर्थिक मदद के लिए कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के समक्ष आग्रह किया था। सांसद ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित पहल करते हुए कहा है कि मासूम अग्रणी पालिया के ईलाज में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। राशि के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सहायता कोष से मदद प्रदाय कराने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आग्रह पत्र लिखा था जिस पर 3 लाख की सहायता मिली है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 16 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत किया जिसके लिए सांसद ने आभार जताया है। सांसद ने कहा है कि मासूम के इलाज के लिए पहल और भी जारी रहेंगे ।

## एक नजर

### मतदाता सूची अद्यतन करने के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा.निर्देश में आज कलेक्टर सभाकक्ष में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर की उपस्थिति में सर्व एईआरओए जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर टेनर निर्वाचक पर्यवेक्षक एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित सहायक ग्रेड.03, डाटा एंट्री ऑपरेटरों को मतदाता सूची अद्यतन करने के संबंध प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय किशोर लकड़ा, तहसीलदार और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोजन नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की पूर्व तैयारी एवं मतदाता सूची अद्यतन करने के संबंध में बताया गया। अब मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने हेतु अर्हता तिथि 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण में फ ार्म 6, 6 ख, 7,8,9,10,11,11 क एवं 11 ख के संबंध में मतदाताओं का आधार नं संकलन हेतु फार्म-6 ख भरे जाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले के समस्त तहसीलों में तहसील स्तरीय प्रशिक्षण 17 अगस्त 2022 को किया जावेगा। जिसमें विधानसभा स्तर के बूथ लेबल अधिकारियों एवं अविहित अधिकारियों, सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### प्लेसमेंट कैम्प 18 को

गरियाबंद । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा 18 अगस्त 2022 दिन गुरुवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक कार्यालय परिसर में नि:शुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी प्रतिष्ठानों फायर, सेफ्टी एव डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग एवं झाबक इंश्योरेंस एंड इन्वेस्टमेंट (एल.आई.सी.महासमुंद/राजिम) से प्राप्त फायरमैन, ड्राइवर (हैवी लाइसेंसधारी), सिक्युरिटी गार्ड, भारतीय जीवन बीमा एडवाईजर आदि 175 रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार के इच्छुक एवं 10वीं, 12वीं, वाहन चालक का हैवी लाइसेंस, फायर सेफ्टी में डिप्लोमा, आदि योग्यता रखने वाले छ.ग. के निवासी आवेदक अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची/प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नि:शुल्क प्लेसमेंट कैम्प का लाभ उठायें। प्लेसमेंट कैंप के संबंध में कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07706-241269, मो.नं. 9329559607, 8963970727 में संपर्क कर सकते है।

### हरित क्रांति योजना से कृषक हेमिन बाई ने बढ़ाई अपनी आमदनी

**गरियाबंद** । खेती के लिये सिंचाई क्षेत्र का रकबे में वृद्धि करने के उद्देश्य से शासन द्वारा हरित कांति विस्तार योजना के तहत गरियाबंद जिले में नलकूप खनन व पंप प्रतिस्थापन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे किसान अपने खेतों में एक से अधिक फसल लेकर एवं फसलों की समय पर सिंचाई कर उत्पादन को बढ़ा सके। शासन द्वारा राज्य में उपलब्ध भू-जल का नलकूपों द्वारा समुचित उपयोग एवं फसलों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराकर उत्पादकता एवं फसल सघनता में वृद्धि करने के उद्देश्य से यह योजना चलाई जा रही है। जिले की फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बारूला निवासी महिला कृषक हेमिन बाई अपने कृषि भूमि 2.09 हेक्टेयर रकबा में नलकूप खनन व पंप प्रतिस्थापन कर दोहरी फसल लेने में कामयाबी हासिल की है। कृषक हेमिन बाई ने बताया कि उक्त योजना कृषकों के लिए काफी उपयोगी है। नलकूप खनन व पंप प्रतिस्थापन पश्चात उन्हें कृषि विभाग द्वारा अनुदान राशि 30 हजार रूपये का भुगतान किया गया है। पहले वह अपने कृषि भूमि में एक ही बार धान की खेती कर पा रही थी परंतु इस योजना से नलकूप खनन व पंप प्रतिस्थापन से अपने कृषि भूमि में अब दो बार फसलों की पैदावारी होने लगी है। जिससे मेरी आमदनी पहले की तुलना में अब लगभग 83 हजार तक की वृद्धि हुई है।

# स्वास्थ्य विभाग को जांच में मिले 3 स्वाइन फ्लू के मरीज

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया जिले के अस्पतालों का निरीक्षण, मास्क पहनें, भीड़ में जाने से बचें, लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं- डॉ. केशरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**शुक्रवार शाम को स्वास्थ्य विभाग को जांच में 3 स्वाइन फ्लू के मरीज मिले हैं। इनमें उच्चभिट्ठी की रहने वाली 52 साल की महिलाए कुडुमकेला की 52 साल की महिला और रायगढ़ शहरी क्षेत्र की 34 वर्षीय महिला शामिल है।**



तीनों के सैंपल जिंदल फोर्टिस अस्पताल से बुधवार को जांच के लिए भेजे गए थे। स्वाइन फ्लू से बचने को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता एवं त्वरित जांच की जा रही है। इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी के निर्देश पर जिले के अस्पतालों में शुक्रवार को पहुंची थी। एक टीम का नेतृत्व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल तो दूसरी टीम का नेतृत्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस टोप्पो कर रहे थे। डॉ. योगेश पटेल ने बतायारू शहमने उन सभी अस्पतालों को सैंपल जांच सख्त करने के निर्देश दिये हैं जहां स्वाइन फ्लू के संभावित लक्षण वाले मरीज आ रहे हैं क्योंकि कोरोना और स्वाइन फ्लू के लक्षण कमोबेश एक जैसे ही हैं। ऐसे में अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज हमने निर्देश दिए हैं और इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि जिले में बीते 15 दिनों में कोरोना के अलावा वायरल फीवरए स्वाइन फ्लू व डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। स्वाइन फ्लू के दो मरीज ठीक हो चुके हैं और वर्तमान में 3 सक्रिय मरीज है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बतायारू त्यौहारी मौसम आ चुका है। ऐसे में कोविड संक्रमण भी बढ़ रहा है साथ ही स्वाइन फ्लू का के मरीज़ भी सामने आ रहे हैं। इनके लक्षण एक से होते हैं। जिन लोगों में बुखार कई दिनों तक ठीक नहीं हो रहा है वह तुरंत कोविड जांच कराएं। साथ ही लोग स्वाइन फ्लू की जांच के लिए भी सैंपल दें। इस मौसम में स्वांस संबंधित संक्रमण ; सीवियर एक्यूट रेस्पेटरी इन्फेक्शनद्ध ज्यादा फैलता है। लोग सावधान रहें और अपने व परिवार की सुरक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल कहते हैं जिले में वायरल फीवर के साथ ही कोरोना संक्रमण एवं स्वाइन फ्लू के मरीज भी मिल रहे हैं। ऐसी में लोगों को सतर्कता एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। जिन लोगों में कोविड या स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखे वह तुरंत इसकी जांच कराएं और अपने परिजनों को संभावित खतरे से बचाएं।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने ली शपथ

**भिलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों ने आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ली। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित होकर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अपने समुदाय, परिवार, दोस्तों को बल्कि खुद को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेने के लिए एकजुट हुए क्योंकि परिवर्तन भीतर से शुरू होता है इसलिए अपने स्वयं को नशा मुक्त बनाने का संकल्प अधिकारी/कर्मचारियों ने लिया। इस बात की भी शपथ ली की भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए स्वयं अपनी क्षमता से हर संभव प्रयास करेंगे।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई छत्तीसगगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 11 अगस्त को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। जिसमें जिला काँग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने सभी उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनके स्मृति चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके पश्चात सभी उपस्थित काँग्रेस जनों ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला काँग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा किए सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। असम में जन्मी मिनीमाता विवाह के बाद छत्तीसगढ़ के जन जीवन में रच-बस गई। दलितों के नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए अस्पृश्यता निवारण अधिनियम को संसद में पारित कराने में उन्होंने महती भूमिका निभाई। बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में उन्होंने समाज से लेकर संसद तक अपनी आवाज उठाई। मिनीमाता मजदूर हितों और नारी शिक्षा के प्रति भी जागरुक और सहयोगी रहीं। भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थानीय निवासियों को रोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। शुक्ला ने आगे कहा किए मिनीमाता ने महिला अस्मिता को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी स्मृति में छत्तीसगढ़ सरकार ने असंगठित क्षेत्रों के कमज़ोर आय वर्ग की श्रमिक महिलाओं को प्रसूति के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाली भगिनी प्रसूति सहायता योजना का नाम बदलकर मिनीमाता महतारी जतन योजनाष् कर दिया है। समाज एवं महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिनीमाता के नाम पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। राज्य में हसदेव बांगो बांध को मिनीमाता के नाम से पहचान दी गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि मिनीमाता का सेवाभावी और प्रेरणादायी व्यक्तित्व सदा याद किया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला, प्रभारी महामंत्री शाखा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विकास ठेठवार, मो.अशरफखान, विक्की सिंघानिया, विकास बोहिदार, मिलन मिश्रा, विनोद कपूर, संतोष कुमार चौहान, बनवारीलाल डेहरिया, शैलेश मनहर, वसीम खान, वकील अहमद सिद्धकी, सेवक राम बघेल, मनोज भदोरिया, रोहित महंतए प्रताप सिंह, घासी दास महंत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शहरवासियों ने तम्बाकू से बच्चों एवं समाज को दूर रखने ली शपथ

## सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर बैनर लगाकर किया प्रचार प्रसार

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।





डेंगू, मलेरिया और कोविड से बचाव के लिए तैयारी करने के साथ साथ बस्तर जिले में स्वास्थ्य से जुड़े अन्य कार्यक्रमों पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में तंबाकू के सेवन से लोगों को दूर करने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम जगदलपुर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों में आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी ने बताया जिले में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विभाग द्वारा लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके लिए पोस्टर बैनर एवं विभिन्न माध्यमो से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिले में तंबाकू के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध है। दुकानों के सामने वैधानिक चेतावनी वाला बोर्डएजिसमें तंबाकू से कैंसर होता है। लिखा हुआ लगाना आवश्यक है। धारा 6 के तहत 18 से कम आयु वर्ग के लोगो को तंबाकू बेचना अपराध है। इसका भी बोर्ड दुकान के सामने लगा होना चाहिए। तम्बाकू सेवन के आदि हो चुके लोगों को इसके लत से दूर रहने सम्बन्धी जानकारी देने में स्पर्श क्लीनिक के कम्युनिटी नर्स रुपेश मसीह का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने शहरवासियों को तंबाकू एवं इससे बने पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए बताया, धूम्रपान बहुत ही ज्यादा नुकसानदायक है।

धूम्रपान करने वाले अपने साथ अपने आस पास रहने वालों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं, तंबाकू सेवन की आदत को छोड़ें और शपथ लें कि हम धूम्रपान एवं तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे। अपने बच्चों एवं समाज को तम्बाकू से दूर रखेंगे एवं समाज को होने वाले क्षति से बचायेंगे। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलोजिस्ट उमाशंकर साहू ने बताया जिला नोडल अधिकारी डॉ. ऋषभ सॉव के निर्देशन में जगदलपुर शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों जैसे दलपत सागर झील, सिरसाहार चौक, लाला जगदलपुरी पुस्तकालय भवन, शहीद पार्क एवं माड़िया चौक एयरपोर्ट चौक में कोटपा अधिनियम सार्वजनिक स्थल धूम्रपान निषेध फ्लेक्स एवं पोस्टर चस्पा कर लोगो को सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान एवं नशा ना करने के लिए जागरूक किया गया।

## एक नजर

### माता नलिनी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पंहुचे डॉ. महंत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत शुक्रवार शाम को नगर पंहुचे और चिकित्सक डॉ. प्रकाश मिश्रा तथा हाईकोर्ट आंध्रप्रदेश चीफ जस्टिस प्रशांत मिश्रा की दिवंगत मातुश्री नलिनी मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निवास पंहुचे। इस दौरान डॉ. चरणदास महंत के सुपुत्र सूरजदास महंत के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु तिवारी, ओएसडी एके धृतलहरे, बंटी सरदार, अशोक तोता भी साथ थे। शायं 6 बजे मिश्रा निवास पर पंहुचकर विधानसभा अध्यक्ष ने सुपुत्र समेत दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मशांति की प्रार्थना की साथ ही शोक संतृप्त परिवार को संबल बंधाया। इसके बाद डॉ. महंत पंडरीपानी स्थित मनकामेश्वर कैलाशपति धाम के लिए रवाना हो गये। श्रद्धांजलि के दौरान डॉ. महंत के साथ नगर विधायक प्रकाश नायक, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य जगदीश मेहर, वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता हरेराम तिवारी, उमाशंकर पटेल, शेख ताजिम, मनोनीत पार्षद राजेश शुक्ला, सेवादल नेता संतोष बहिदार, बालू त्रिपाठी, पीसीसी कैमरामैन दीपक सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल 15 अगस्त को रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में करेंगे ध्वजारोहण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि होंगे तथा जिला कार्यालय ग्राउण्ड (मिनी स्टेडियम) रायगढ़ में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

### जिले में 669 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 12 अगस्त तक 669 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 24.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 759.2 मिली मीटर, पुसौर में 832.8, खरसिया में 659.8, सारंगढ़ में 929.4, बरमकेला में 673.3, घरघोड़ा में 534.2, तमनार में 707.5, लैलूंगा में 582, धरमजयगढ़ में 608.8, सरिया में 603.5 एवं छाल में 469 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ट्रेनिग पार्टनर /प्रशिक्षण प्रदाता के चयन हेतु 13 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी, रायगढ़ में कौशल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर/प्रशिक्षण प्रदाता के चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 13 सितम्बर 2022 सायं 5 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in अथवा जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### हर घर झंडा अभियान, 30,000 तिरंगे झंडे लोगों ने महिलाओं से खरीदे

स्व सहायता समूह की महिलाओं ने तैयार किए थे विभिन्न स्थानों में विक्रय केंद्र

**भिलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं ने तिरंगे झंडे के विक्रय के लिए अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल के माध्यम से तिरंगा झंडा का विक्रय किया। 30,000 तिरंगा झंडा लोगों ने खरीदे। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने की अपील की है। आज निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने मुख्य कार्यालय में लगे हुए स्टॉल का निरीक्षण किया और उन्होंने स्वयं तिरंगा झंडा महिलाओं से क्रय किया।

# जिलाध्यक्षा रानी चौहान कोरबा में पार्टी की तिरंगा पदयात्रा में हुई शामिल



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा देश भर में आजादी गौरव तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया है जिसका सभी तरफ चर्चा है। छत्तीसगढ़ में तो बात ही क्या है। यहां सभी 90 विधानसभाओं में 75 किलोमीटर लम्बी पदयात्रा जोर शोर से चल रही है। रायगढ़ महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्षा रानी चौहान भी कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति देती है। ऐसा ही हुआ जब रानी चौहान अपने मायके कोरबा निजी प्रवास पर पहुंची तो वहां पर भी कांग्रेस की आजादी गौरव तिरंगा यात्रा पूरे शबाब पर था। जिसमें सूबे के कबीना मंत्री और कोरबा के विधायक जयसिंह अग्रवाल खुद मौजूद थे। फिर क्या था, रानी अपने कांग्रेस की तिरंगा यात्रा में कोरबा में भी शामिल होकर विघटनकारी तत्वों के मंसूबो को नाकाम करने और भारत को एकजुट करने के लिए शुरू किए तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। कोरबा विधायक और छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी रानी चौहान की जमकर तारीफ की और हौसला बढ़ाया।

# कांग्रेस की आजादी गौरव तिरंगा भारत जोड़ों पदयात्रा के तीसरे दिन का आगाज हेमू कालानी चौक से

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा देशभर में आजादी की गौरव तिरंगा यात्रा के द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ जिला मुख्यालय में भी जिला कांग्रेस द्वारा अगस्त क्रांति की वर्षगांठ पर जिला कांग्रेस कार्यालय रायगढ़ से इस महत्वपूर्ण तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त तक जारी रहेगी। आज इस पदयात्रा का तीसरा दिन है। जिसके तहत आज चक्रधर नगर हेमू कालाणी चौक से यह यात्रा शुरू हुई। रायगढ़ विधानसभा पदयात्रा के प्रभारी एवं रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, रायगढ़ की महापौर जानकी काटजू और जिला काँग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष शहर अनिल शुक्ला सहित सभी काँग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हेमू कालाणी चौक पर एकत्रित होकर सर्वप्रथम काँग्रेस के दिवगंत पार्षद स्व. कमल पटेल की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर आज की तिरंगा पदयात्रा शुभारंभ का किए। रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे। उन्होंने ने कहा किए तिरंगा झंडा हमारे देश की आन बान और शान है। उन्होंने कहा किए इतिहास में काँग्रेस के अनेक नेताओं ने तिरंगे के सम्मान के लिए बलिदान भी दिए हैं। आज भाजपा अपनी खोखली राजनीति के लिए तिरंगे का इस्तेमाल कर रही है, जबकि इनके किसी भी कार्यक्रम में तिरंगे झंडे को वो सम्मान नहीं दिया जाता है जैसा हमारे संविधान में दिया है। और जैसा कांग्रेस पार्टी देती आई है।

कांग्रेस के सिपाहियों ने भी अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देकर अपने हाथों में थाम अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया और पदयात्रा में शामिल हुए। हेमू कालाणी चौक से शुरू हुई आज की इस पदयात्रा का रूट, बेलादुला, खर्राघाट होते हुए स्टेडियम, मालीपारा, बोइरदादर चौक, उसके बाद सिंधी कालोनी, बांग्ला पारा सरलाविला होते हुए अंबेडकर चौक, केलो विहार कॉलोनी से एसईसीएल रपटा होकर कयाघाट चौक से गुजर कर ओवरब्रिज होते हुए मिनीमाता चौक पर आज के पदयात्रा का समापन किए। आजादी गौरव यात्रा में कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तिरंगा हाथों में थाम रायगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों में पदयात्रा किया। आज के पदयात्रा में भी लगभग 15 किलोमीटर का सफर तय किया गया। प्रभारी महामंत्री शाखा यादव ने बताया किए कल पदयात्रा पुसौर क्षेत्र में रहेगा। जहां लारा से शुरू होकर छिछोर उमरिया तक 20 किलोमीटर चलकर समापन होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in